वर्ष-3, अंक-305
इन्दौर शुक्रवार 01 मई 2026 पृष्ठ 8,
मूल्य 2 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761,

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com




प. बंगाल में दूसरे चरण में 92 प्रतिशत वोटिंग...4 मई को बंगाल, असम, केरलम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में होगी मतगणना...रिकॉर्ड मतदान के बाद एग्जिट पोल के आंकड़ों ने चौंकाया

## बंपर मतदान... किसकी बनेगी सरकार



● कोलकाता, ईएमएस

प. बंगाल, असम, केरलम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में इस बार रिकॉर्ड मतदान हुआ है। बंगाल में दूसरे चरण का मतदान बुधवार को संपन्न हुआ। इस चरण में भी रिकॉर्ड वोटिंग हुई है। आंकड़ों के अनुसार, प. बंगाल में दूसरे चरण की 142 सीटों पर वोटिंग खत्म हो गई है। यहां 92 प्रतिशत वोटिंग हुई। यह आकंड़ा और बढ़ सकता है। उधर, मतदान खत्म होने के बार एग्जिट पोल के जो आंकड़े आए हैं, वह भी चौंकाने वाले हैं। लेकिन पांचों राज्यों में बंपर मतदान के बाद किसकी सरकार बनेगी इसका फैसला तो 4 मई को मतगणना के बाद ही हो पाएगा।

प. बंगाल में दूसरे चरण के चुनाव में 1400 से अधिक उम्मीदवार मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे थे। इस चरण में ममता बनर्जी और शुभेंदु अधिकारी के बीच मुकाबला सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। इसके अलावा टीएमसी के फिरहाद हकीम, अरूप विश्वास और सुजीत बोस जैसे दिग्गज नेता भी चुनावी मैदान में थे। मतदान खत्म होने के साथ ही नेता अपनी-अपनी पार्टियों के जीत के दावे करने लगे हैं। भाजपा के कल्याणी सीट से प्रत्याशी अनुपम बिश्वास ने कहा कि टीएमसी खत्म हो चुकी है। यह कल की पार्टी है। भाजपा बंगाल में सरकार बनाएगी। हम बड़े मार्जिन से जीतेंगे। कमरहटी विधानसभा क्षेत्र से मदन मित्रा ने कहा कि अगर हम जीतते हैं, तो इसका सबसे बड़ा श्रेय हम ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी को देंगे, जो तूफान के सामने भी डटे रहे, टीएमसी 200 से ज़्यादा सीटें जीतेगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि हमें मिल रही जानकारी के अनुसार भाजपा पश्चिम बंगाल में हार रही है। हम 2/3 बहुमत से सरकार बनाने जा रहे हैं।

### पश्चिम बंगाल के आंकड़ों ने चौंकाया

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मतदान संपन्न होते ही कयासों का दौर शुरू हो गया है। एग्जिट पोल के आंकड़ों ने राज्य की राजनीति में भूचाल ला दिया है। इन आंकड़ों के मुताबिक, बंगाल में इस बार सत्ता परिवर्तन के प्रबल संकेत मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले तृणमूल कांग्रेस के किले में भाजपा बड़ी सेंध लगाती दिख रही है। मैट्रिज के सर्वे के अनुसार, पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी 146 से 161 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत हासिल कर सकती है। राज्य में सरकार बनाने के लिए 148 सीटों की आवश्यकता होती है। ऐसे में भाजपा इस जादुई आंकड़े को पार करती नजर आ रही है। पार्टी के पक्ष में 42.5 वोट शेयर जाने का अनुमान जताया गया है। यह आंकड़ा भाजपा के लिए अब तक का सबसे शानदार प्रदर्शन साबित हो सकता है। दूसरी ओर, सत्ताधारी टीएमसी को तगड़ा झटका लगता दिख रहा है। मैट्रिज सर्वे के मुताबिक, ममता बनर्जी को 125 से 140 सीटों के बीच संतोष करना पड़ सकता है। टीएमसी का वोट शेयर भी भाजपा से पिछड़कर 40.8 पर सिमटने का अनुमान है।

### केरलम में यूडीएफ की सरकार का अनुमान

केरलम विधानसभा चुनाव 2026 के एग्जिट पोल के आंकड़े सामने आने के बाद केरल की राजनीति में बड़े बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। विभिन्न एजेंसियों के सर्वे इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि इस बार राज्य में सत्ता परिवर्तन हो सकता है और कांग्रेस नेतृत्व वाला यूडीएफ गठबंधन बढ़त बनाता दिख रहा है। एग्जिट पोल के मुताबिक, मैट्रिज के सर्वे में यूडीएफ को 70-75 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि एलडीएफ 60-65 सीटों पर सिमट सकता है। पीपल्स पल्स के आंकड़े थोड़ी अलग तस्वीर पेश करते हैं, जहां एलडीएफ को 75-85 सीटें और यूडीएफ को 55-65 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है।

### असम में भाजपा को भारी बढ़त

असम विधानसभा चुनाव 2026 के एग्जिट पोल के नतीजों ने राज्य की सियासत की तस्वीर काफी हद तक साफ कर दी है। विभिन्न एजेंसियों के सर्वे में भाजपा और उसके सहयोगी दलों को स्पष्ट बहुमत मिलता दिखाई दे रहा है। सात प्रमुख एग्जिट पोल के औसत रुझानों में भाजपा गठबंधन को 80 से 100 सीटों के बीच बढ़त मिलती दिख रही है, जो सरकार बनाने के लिए पर्याप्त है। मैट्रिज के सर्वे के अनुसार, भाजपा को 85 से 95 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि कांग्रेस गठबंधन 25 से 32 सीटों तक सीमित रह सकता है। अन्य दलों को 6 से 12 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। वहीं आजतक एक्सिस माय इंडिया ने भाजपा को और मजबूत स्थिति में दिखाते हुए 88 से 100 सीटें मिलने का अनुमान लगाया है, जबकि कांग्रेस को 24 से 36 सीटें मिल सकती हैं। अन्य एग्जिट पोल एजेंसियों के आंकड़े भी इसी ट्रेंड की पुष्टि करते हैं।

### तमिलनाडु में फिर डीएमके

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के बहुप्रतीक्षित एग्जिट पोल के नतीजे जारी कर दिए गए हैं। प्रमुख चुनाव सर्वेक्षण एजेंसियों पीपुल्स पल्स और मैट्रिज समेत लगभग सभी एजेंसियों के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में सत्ताधारी द्रमुक (डीएमके) के नेतृत्व वाला गठबंधन एक बार फिर पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाता हुआ दिखाई दे रहा है। इसके साथ ही, राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में नई पार्टी टीवीके एक महत्वपूर्ण ताकत बनकर उभरती दिख रही है। पीपुल्स पल्स के एग्जिट पोल के अनुसार, सत्तारूढ़ गठबंधन को जनता का स्पष्ट समर्थन मिलता दिख रहा है। द्रमुक नीत गठबंधन को 125 से 145 सीटें हासिल कर बहुमत का आंकड़ा आसानी से पार करने का अनुमान है। अन्नाद्रमुक नीत गठबंधन मुख्य विपक्षी गठबंधन को 65 से 80 सीटों के बीच संतोष करना पड़ सकता है। टीवीके पार्टी 18 से 24 सीटों के साथ चुनाव में एक बड़ा उलटफेर कर सकती है। अन्य के खाते में 2 से 6 सीटें जाने की संभावना है।

### असम एग्जिट पोल

| एजेंसी | भाजपा+ | कांग्रेस+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 85-95 | 25-32 | 6-12 |
| आजतक | 88-100 | 24-36 | 00 |
| जेवीसी | 88-101 | 23-33 | 2-5 |
| पीपल्स | 83-91 | 23-31 | 3-5 |
| पोल डायरी | 86-101 | 15-26 | 00 |

### पुदुचेरी एग्जिट पोल

| एजेंसी | एनडीए | | कांग्रेस+ | टीवीके+ |
|---|---|---|---|---|
| पीपल्स | 16-19 | 10-12 | 0-0 | 1-2 |
| माय इंडिया | 16-20 | 6-8 | - | 3-7 |
| प्रजा पोल | 19-25 | 6-10 | 0-0 | 0-0 |
| कामाख्या | 17-24 | 4-7 | 1-2 | 01 |
| जेवीसी | 15-17 | 11-13 | 1-2 | 0-1 |

### पुदुचेरी में एनडीए गठबंधन

पुदुचेरी विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल में एनडीए गठबंधन ने पूरी तरह से बाजी मार ली है। बंगाल में जहां पांच एग्जिट पोल्स में भाजपा आगे है, वहीं पुदुचेरी के सभी पांच प्रमुख सर्वे में एनडीए भारी बहुमत के साथ सरकार बनाता दिख रहा है। प्रजा पोल और कामाख्या एनालिटिक्स के अनुमानों के अनुसार तो एनडीए 20 से ज्यादा सीटें जीत सकता है।

### पं बंगाल एग्जिट पोल

| एजेंसी | टीएमसी+ | भाजपा | अन्य |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 125-140 | 146-161 | 6-10 |
| पोल डायरी | 99-127 | 142-171 | 5-9 |
| चाणक्य स्ट्रैटजीज | 130-140 | 150-160 | 6-10 |
| प्रजा पोल | 85-110 | 178-208 | 0-0 |
| पीपल्स पल्स | 177-187 | 95-110 | 1-4 |
| पी- मारक्यू | 118-138 | 150-175 | 2-6 |
| जनमत पोल्स | 195-205 | 80-90 | 4-9 |
| जेवीसी | 131-152 | 138-159 | 2-4 |

### तमिलनाडु एग्जिट पोल

| एजेंसी | द्रमुक+ | एनडीए | टीवीके | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 122-132 | 87-100 | 10-12 | 0-6 |
| पीपल्स | 125-145 | 65-80 | 18-24 | 2-6 |
| चाणक्य | 145-160 | 50-65 | - | 18-26 |
| प्रजा पोल | 148-168 | 61-81 | - | 1-9 |
| पी-मारक्यू | 125-145 | 65-85 | 16-26 | 1-6 |
| जेवीसी | 75-95 | 128-147 | 8-15 | - |
| इन्साइट | 120-140 | 60-70 | 30-40 | 0-4 |
| कामाख्या | 78-95 | 68-84 | 67-81 | - |

### केरलम एग्जिट पोल

| एजेंसी | एलडीएफ | यूडीएफ | भाजपा+ | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 60-65 | 70-75 | 3-5 | 2-4 |
| पीपल्स पल्स | 75-85 | 55-65 | 0-3 | 0-0 |
| जेवीसी | 52-61 | 72-84 | 3-7 | 0-0 |
| माय इंडिया | 49-62 | 78-90 | 0-3 | 0-0 |
| वोट वाइब | 58-68 | 70-80 | 0-0 | 0-4 |
| पी-मारक्यू | 62-69 | 71-79 | 1-4 | 0-3 |
| इनसाइट | 58-68 | 66-76 | 10-14 | 0-1 |
| चाणक्य | 58-64 | 72-80 | - | 3-7 |



रॉयटर्स-इप्सोस के ताजा सर्वे में खुलासा... अमेरिकी राष्ट्रपति की लोकप्रियता धड़ाम

## ट्रंप के काम से खुश नहीं 66 प्रतिशत अमेरिकी

वाशिंगटन, ईएमएस। अमेरिका में बढ़ती महंगाई और ईरान के साथ युद्ध का असर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की लोकप्रियता पर दिख रहा है। रॉयटर्स-इप्सोस के ताजा सर्वे के मुताबिक अमेरिका के 66 प्रतिशत लोग डोनाल्ड ट्रम्प के काम से खुश नहीं हैं। यानी केवल 34 प्रतिशत अमेरिकी उनके काम से संतुष्ट हैं। यह उनके मौजूदा कार्यकाल का सबसे निचला स्तर है। जनवरी 2025 में पद संभालते समय उन्हें 47 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला था। इसके बाद यह लगातार घटता गया। महंगाई इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह बन रही है। सर्वे में सिर्फ 22 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे बढ़ती कीमतों को संभालने के तरीके से खुश हैं। पेट्रोल की कीमतों ने लोगों की चिंता बढ़ाई है। फरवरी के अंत में शुरू हुए युद्ध के बाद ईंधन 40 प्रतिशत से ज्यादा महंगा हो गया, जिसका असर सीधे घरेलू बजट पर पड़ रहा है।

### अर्थव्यवस्था में गिरावट

अर्थव्यवस्था को लेकर ट्रम्प की रेटिंग 27 प्रतिशत रह गई है, जो उनके पहले कार्यकाल से कम है। ईरान के साथ संघर्ष पर 34 प्रतिशत लोग उनका समर्थन कर रहे हैं। रिपब्लिकन समर्थक अब भी उनके साथ हैं लेकिन पार्टी के भीतर महंगाई को लेकर असंतोष बढ़ रहा है। निर्दलीय वोटरों का झुकाव अब डेमोक्रेट्स की ओर नजर आ रहा है, जो आने वाले चुनावों में अहम साबित हो सकता है।

बदलेगा फ्यूल गेम... सरकार ने जारी किया ड्राफ्ट नोटिफिकेशन

## अब पेट्रोल में 85 % एथेनॉल !




नई दिल्ली, ईएमएस। देश में पेट्रोल की बढ़ती कीमतों और आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए सरकार अब बड़ा कदम उठाने जा रही है। केंद्र सरकार ने एक ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसमें पेट्रोल में ज्यादा मात्रा में एथेनॉल मिलाने के नियमों को शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया है। अगर यह लागू होता है, तो आने वाले समय में गाड़ियां पूरी तरह एथेनॉल से भी चलेंगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने नया ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया है। ड्राफ्ट नियमों में ई85 फ्यूल को शामिल करने का प्रावधान किया गया है, जिसमें पेट्रोल में 85 प्रतिशत तक एथेनॉल मिलाया जाएगा। इसके अलावा ई100 का भी प्रस्ताव है, यानी गाड़ियां पूरी तरह एथेनॉल पर चल सकेंगी। यह बदलाव भारत के फ्यूल सिस्टम में बड़ा परिवर्तन ला सकता है। अब तक ई20 पेट्रोल को लेकर चर्चा होती रही है, जिसमें पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल की ब्लेंडिंग की जाती है। सरकार ने इस ड्राफ्ट नोटिफिकेशन को फिलहाल पब्लिक कमेंट के लिए जारी किया है। यानी आम लोग और इंडस्ट्री से जुड़े लोग अपनी राय दे सकते हैं। सभी सुझाव मिलने के बाद सरकार अंतिम फैसला लेगी। गौरतलब है कि पिछले साल अप्रैल में देशभर में ई20 फ्यूल लागू किया गया था, जिसमें पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिलाया गया। अब सरकार इससे आगे बढ़ते हुए और ज्यादा ब्लेंडिंग की दिशा में कदम बढ़ा रही है। सरकार का मुख्य उद्देश्य पेट्रोलियम उत्पादों के आयात को कम करना है। ज्यादा एथेनॉल मिलाने से कच्चे तेल की जरूरत घटेगी, जिससे देश को आर्थिक फायदा होगा और पर्यावरण पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा। ड्राफ्ट में फ्यूल की नई कैटेगरी तय करने का भी प्रस्ताव है। जैसे पेट्रोल की पहचान अब ई10/ई से बदलकर ई10/ई20 की जाएगी। साथ ही ई85 और ई100 को भी आधिकारिक रूप से नियमों में शामिल किया जाएगा। इसी तरह बायोडीजल को बी10 से बढ़ाकर बी100 तक अपडेट करने का प्रस्ताव है। अगर ये नियम लागू होते हैं, तो आने वाले समय में लोगों को नए तरह के फ्यूल ऑप्शन मिलेंगे। हालांकि इसके लिए गाड़ियों में भी बदलाव जरूरी होगा, ताकि वे हाई एथेनॉल ब्लेंड पर सही तरीके से चल सकें। यह बदलाव धीरे-धीरे लागू होगा, लेकिन इससे देश के फ्यूल सिस्टम में बड़ा परिवर्तन देखने को मिल सकता है।

### गडकरी पहले ही कर चुके हैं अलर्ट

केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बीते कल दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था कि, आने वाले समय में इन ट्रेडिशनल फ्यूल (पेट्रोल-डीजल) पर चलने वाली गाड़ियों का कोई भविष्य नहीं है। गडकरी ने वाहन निर्माता कंपनियों से अपील की कि, वे जल्द से जल्द बायोफ्यूल और अन्य वैकल्पिक फ्यूल की तरफ शिफ्ट करें। उनका कहना है कि पेट्रोल और डीजल न सिर्फ महंगे हैं बल्कि ये देश के लिए गंभीर समस्या भी बनते जा रहे हैं।

## केजरीवाल को जारी किया गया नया नोटिस

नई दिल्ली, ईएमएस। दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को आप चीफ अरविंद केजरीवाल को श्वष्ठ की अर्जी पर नया नोटिस जारी किया। ईडी ने एक्साइज पॉलिसी मामले में समन जारी होने के बावजूद एजेंसी के सामने पेश न होने के लिए केजरीवाल के खिलाफ दर्ज दो अलग-अलग मामलों में उन्हें बरी किए जाने को चुनौती दी है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने कहा कि रजिस्ट्री के अनुसार,केजरीवाल को जारी किया गया पिछला नोटिस सर्व नहीं किया गया था। जांच एजेंसी के वकील ने कहा कि केजरीवाल को 1 अप्रैल को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन उनकी तरफ से किसी ने भी पेश होने के लिए एंट्री नहीं दी है।

सबरीमाला मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट बोला...

## सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं कर सकते

हम इस देश की सभ्यता और धार्मिक इतिहास नहीं भूल सकते



नई दिल्ली, ईएमएस। केरलम के सबरीमाला मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई।

कोर्ट ने एडवोकेट इंदिरा जयसिंह की दलीलों के जवाब में कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं किया जा सकता। एडवोकेट जयसिंह ने सुनवाई के 10वें दिन कहा कि सबरीमाला मंदिर में एंट्री का फैसला अब भी लागू है। इस पर स्टे नहीं है लेकिन मंदिर में प्रवेश नहीं मिल रहा है। जयसिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट इसकी रिव्यू पिटिशन पर सुनवाई कर रहा है। हालांकि, कोर्ट कभी यह तय नहीं करता कि धर्म में क्या जरूरी है या और क्या नहीं। इसका फैसला तो धर्म ही करता है।

विधायक सप्रे दलबदल केस पर हाईकोर्ट सख्त, चीफ जस्टिस बोले...

## 90 दिन की समय सीमा, 720 दिन में फैसला क्यों नहीं?



जबलपुर, ईएमएस। सागर जिले की बीना सीट से विधायक निर्मला सप्रे के खिलाफ दलबदल मामले में हाईकोर्ट में दायर याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने विधायकी शून्य करने की मांग पर पक्षों से जवाब मांगा।

सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कोर्ट को बताया कि मामले की विधिवत सुनवाई विधानसभा स्पीकर द्वारा की जा रही है और उमंग सिंघार द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों की जांच की प्रक्रिया जारी है। इस पर चीफ जस्टिस संजीव कुमार सचदेवा ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि दलबदल मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने 90 दिनों के भीतर निर्णय देने की समय सीमा तय की है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब समय सीमा 90 दिन है, तो 720 दिनों में भी मामले का निराकरण क्यों नहीं हो पाया। चीफ जस्टिस ने महाधिवक्ता से कहा कि वे सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन स्पीकर के संज्ञान में लाएं। वहीं उमंग सिंघार के वकील विभोर खंडेलवाल ने भी मांग की कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय 90 दिन की समय सीमा का पालन सुनिश्चित किया जाए। मामले में हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 18 जून की तारीख तय की है।

शेयर बाजार में हरियाली, सेंसेक्स 609 अंक चढ़कर बंद हुआ, निफ्टी 24150 के पार

## निवेशकों ने कमाए 2 लाख करोड़

मुंबई, ईएमएस। वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार में शानदार रिकवरी देखने को मिली है। शुरुआती कारोबार में भारी उछाल के बाद, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के दबाव के बावजूद दोनों प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। इस रिकवरी से निवेशकों को बड़ा फायदा हुआ है और बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों के कुल बाजार पूंजीकरण में लगभग 2 लाख करोड़ रुपये की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे यह आंकड़ा बढ़कर 469 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। शेयर बाजार में बुधवार को बढ़त रही। सेंसेक्स 609 अंक (0.79 प्रतिशत) की तेजी के साथ 77,496 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 182 अंक की तेजी रही, ये 24,178 पर बंद हुआ। ऑटो, आईटी, रियल्टी और एफएमसीजी शेयर्स में ज्यादा खरीदारी रही।

3 कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नहीं मिली जमानत अगली पेशी 12 मई को

## सीजीएम को बयान दर्ज करने के निर्देश

जबलपुर, ईएमएस। तीन कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी पर दायर याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने सुनवाई के पश्चात सीजेएम को आदेश दिया है। वह गिरफ्तार आरोपियों के बयान दर्ज करे। अगली पेशी में संबंधित अधिकारियों को हाईकोर्ट में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। अगली पेशी 12 मई को निर्धारित की गई है।

जयपुर की कोर्ट से तीनों कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जमानत मिल चुकी है। गिरफ्तार आरोपियों का कहना है, उनकी गिरफ्तारी अवैध तरीके से की गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि गिरफ्तारी प्रक्रिया में नियमों का पालन नहीं किया गया है। यह कार्रवाई राजनीतिक दबाव में की गई है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार और संबंधित एजेंसियों से जवाब मांगा है। अदालत ने पूछा है, किन परिस्थितियों में गिरफ्तारी की गई है। क्या सभी कानूनी प्रावधानों का पालन हुआ है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है, नागरिकों के मौलिक अधिकारों का संरक्षण सर्वोपरि है। सरकार की ओर से कहा गया कि गिरफ्तारी कानून के तहत और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर की गई है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई की तारीख 12 मई तय की है। विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर- कमिश्नर के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्य सचिव ने अफसरों को दी हिदायत...

## खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करेंगे सीएम, लापरवाही पड़ेगी भारी

● भोपाल, ईएमएस

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बुधवार को कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों, कमिश्नरों, आईजी रैंक के अफसरों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग की। मीटिंग में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव अगले दो तीन दिनों में प्रदेश के किसी भी जिले में खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से औचक निरीक्षण के लिए पहुंचेंगे और खरीदी केंद्र की सुविधाओं की जानकारी लेने के साथ किसानों के साथ संवाद भी करेंगे कि सरकार द्वारा तय सुविधाओं का लाभ उन्हें मिल रहा है या नहीं मिल रहा है। इसके चलते सभी कलेक्टरों को आगाह किया गया है कि वे अपने जिले में खरीदी केंद्रों की व्यवस्था का मॉनिटरिंग करें ताकि किसी तरह की लापरवाही की स्थिति सामने न आए। मुख्यमंत्री यादव के हेलीकॉप्टर के औचक किसी भी जिले में उतरने की सूचना कलेक्टरों को किसी और ने नहीं बल्कि प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने दी है। दरअसल किसानों से गेहूं खरीदी को लेकर मिल रही शिकायतों और किसानों के गुस्से की खबर को लेकर राज्य सरकार काफी सतर्क है।

### स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति सुधारने कलेक्टर ब्लॉक लेवल मीटिंग करें




मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कलेक्टरों से कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति में सुधार की जरूरत है। यहां अपेक्षित सुविधाएं देने के लिए कलेक्टरों को स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण करना है और ब्लॉक लेवल पर इससे संबंधित बैठकें करके लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाने के लिए काम करना होगा। कलेक्टरों से उन्होंने कहा है कि फील्ड विजिट करें और स्वास्थ्य केंद्रों की रिपोर्ट लें ताकि ग्रामीण और शहरी मरीजों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिलता रहे।

### बालिका शौचालय बने, पर पानी नहीं मिलने की शिकायत

मुख्य सचिव ने कलेक्टरों से यह भी कहा है कि गांवों में स्कूलों में बालिका शौचालय तो बन गए हैं पर कई जिलों से रिपोर्ट आई है कि शौचालयों में पानी और साफ सफाई का भारी अभाव है। इसलिए कलेक्टर स्कूल शिक्षा विभाग के अफसरों के साथ बैठक कर यहां साफ सफाई और पानी का इंतजाम कराएं। समय समय पर स्कूलों का निरीक्षण कर उसकी फिजिकल स्थिति खुद भी देखने का काम करें। मुख्य सचिव ने यह भी कहा कि अभी भीषण गर्मी का दौर है और गांवों में पानी की दिक्क त हो सकती है। पेयजल परिवहन अभी नहीं हो रहा है लेकिन ग्रामीण इलाकों की स्थिति की जानकारी लेते रहें और लोगों को पानी के संकट की सूचना पर सुविधा देने का काम कराएं।

## संपादकीय

# महिला आरक्षण: 2029 में 400 पार का लक्ष्य

भारतीय जनता पार्टी ने महिला आरक्षण बिल को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाया। यह सत्र ऐसे समय बुलाया गया, जब तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव चल रहे थे। मतदान 23 एवं 29 अप्रैल को होना था। कुछ दिन पहले ही संसद का सत्र स्थगित हुआ था। यदि यह बिल इतना जरूरी था, तो ऐसी स्थिति में जब संसद चल रही थी उसी समय यह बिल लाया जा सकता था। सरकार ने विशेष सत्र क्यों बुलाया, इसको लेकर भाजपा की रणनीति को समझना जरूरी है। महिला आरक्षण बिल 2023 में पास हो चुका है। इसमें 33 फीसदी महिलाओं को आरक्षण दिया जा चुका है। इसको लागू किस तरह से किया जाए, इसको लेकर दो महत्वपूर्ण विषयों पर सत्ता पक्ष राजनीति कर रही है। 2023 में जब महिला आरक्षण बिल सर्वसम्ममिति से पास हुआ था, उस समय विपक्ष की मांग थी, इसे तुरंत लागू किया जाए। 2024 का लोकसभा चुनाव 33 फीसद महिला आरक्षण के साथ हो। उस समय सत्ता पक्ष ने विपक्ष की मांग को स्वीकार नहीं किया। सरकार ने बिल में प्रावधान किया, 2026 की जनगणना के बाद परिसीमन किया जाएगा। उसके बाद ही महिला आरक्षण संसद और विधानसभा में लागू किया जाएगा। महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद 2024 के लोकसभा चुनाव हुए। भाजपा को उम्मीद थी, महिला आरक्षण को लेकर वह 2024 के लोकसभा चुनाव को 400 से ज्यादा सीट पर चुनाव जीतेंगे। हुआ इसका उल्टा, भाजपा को मात्र 240 सीटों पर सीमित हो जाना पड़ा। भाजपा को पूर्ण बहुमत भी नहीं मिला। इसके बाद भाजपा ने रणनीति बदली, विपक्ष जिस तरह से सशक्त हो रहा था, उसको देखते हुए विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने विशेष सत्र बुलाकर, यह सोचा था, महिला आरक्षण बिल के नाम पर जनगणना और परिसीमन को लेकर दो नए संशोधन करेंगे। इसके माध्यम से विधानसभा तथा 2029 का लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए महिलाओं के आरक्षण को शीर्ष पर रखा जाएगा। सरकार को भरोसा था पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु की सांसदों की संख्या अधिक है, चुनाव के कारण वह सत्र में भाग नहीं लेंगे। उपस्थित सदस्य संख्या के दो तिहाई बहुमत से सदन के अंदर सरकार संशोधन बिल पास करा लेगी। यदि बिल पास नहीं हो पाया, तो भी महिला आरक्षण बिल को मुद्दा बनाकर भाजपा तमिलनाडु और बंगाल के विधानसभा में बढ़त बना लेगा। वहीं लोकसभा चुनाव में महिलाओं के मुद्दे पर विपक्ष को घेरेगा। संसद में दो तिहाई बहुमत से बिल पास नहीं हुआ। उसके बाद भाजपा ने इस रणनीति के तहत तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में महिला आरक्षण को मुद्दा चुनाव में बनाया। अब सभी राज्यों में प्रदर्शन और विशेष सत्र बुलाकर महिला आरक्षण बिल के बारे में संकल्प पारित कराए जा रहे हैं। भाजपा एक सुनियोजित रणनीति बनाकर लंबी अवधि की राजनीति करती है। भाजपा का धार्मिक ध्रुवीकरण का मुद्दा कमजोर पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में 50 फीसदी से अधिक महिला आबादी को आरक्षण के नाम पर भाजपा राजनीति करना चाहती है। केंद्र में भाजपा की सरकार है। इससे अच्छा मौका और कोई नहीं हो सकता है। महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं बनाकर और महिलाओं के पक्ष में भाजपा है, यह धारणा बनाकर भाजपा 2029 के लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें प्राप्त करने की रणनीति पर काम कर रही है। जिस तरह से भाजपा के महिला आरक्षण को लेकर आक्रामक तेवर हैं, सभी राज्यों में प्रदर्शन किए जा रहे हैं। विधानसभा में जहां भाजपा की सरकारें हैं, वहां पर महिला आरक्षण के संकल्प पारित कराए जा रहे हैं। महिलाओं के मुद्दे को भाजपा 2029 के लोकसभा चुनाव तक विवादों में रखना चाहती है। भाजपा के रणनीतिकारों का विश्वास है, कि इस मुद्दे पर विपक्ष को दबाव में लाकर, 2026 की जनगणना में जाति जनगणना से बचा जाए। अभी केंद्र सरकार ने जाति जनगणना होगी या नहीं इसको लेकर अभी तक कोई नियम निर्धारित नहीं किए हैं। 2011 और 2026 की जनगणना को लेकर केंद्र सरकार ने विवाद की स्थिति बना दी है। परिसीमन सरकार अपने हिसाब से कराना चाहती है, इसमें संविधान के अभी जो प्रावधान हैं, दक्षिण के राज्यों को डराकर, केंद्र सरकार 850 लोकसभा सीटों की संख्या पर सहमत कराना चाहती है। महिला आरक्षण के नाम पर भाजपा, दक्षिण के राज्यों में सेंध लगाने की रणनीति पर पूरे आत्मविश्वास के साथ काम कर रही है। भाजपा और संघ का शीर्ष नेतृत्व महिला आरक्षण पर दबाव बना रही है। इस मुद्दे पर विपक्ष के कई राजनीतिक दल टूटकर भाजपा के साथ आ सकते है। दक्षिण के राज्यों को परिसीमन में कोई नुकसान नहीं होगा, इसके लिए भाजपा 850 सीटों का झुनझुना बजाकर दक्षिण के राज्यों के अपने पाले पर लाना चाहता है। भाजपा दक्षिण के राज्यों को भरोसा देना चाहती है, उन्हें कोई नुकसान नहीं होगा। जो अनुपात अभी है, वही आगे भी बना रहेगा। परिसीमन भय दिखाकर राजनीतिक दलों को तोड़ने के लिए महिला आरक्षण के साथ साम-दाम-दंड-भेद की रणनीति पर परिसिमन बिल को सरकार संसद में पास कराने की योजना पर काम कर रही है। इसमें सफल होगी या नहीं, कहना मुश्किल है। संघ और भाजपा के रणनीतिकार 2029 का लोकसभा चुनाव 2011 की जनगणना तथा परिसीमन के नये नियमों के अनुसार लोकसभा सीटों के निर्धारण की राजनीति करा रहे हैं। इससे सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के बीच टकराव तेज होगा। यह दोनों के अस्तित्व की लड़ाई है।

**- सनत जैन**

# करुणा, शांति और आत्मजागरण के प्रकाश स्तंभ


ललित गर्ग




मानव सभ्यता के इतिहास में कुछ ऐसे महापुरुष हुए हैं, जिनका जीवन केवल एक युग तक सीमित नहीं रहता, बल्कि युगों-युगों तक मानवता के पथ को आलोकित करता है। गौतम बुद्ध ऐसे ही एक अद्वितीय प्रकाशस्तंभ हैं, जिनका करुणा, अहिंसा और आत्मजागरण का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना ढाई हजार वर्ष पूर्व था। बुद्ध पूर्णिमा का पावन दिवस केवल एक ऐतिहासिक स्मृति नहीं, बल्कि आत्मबोध, समता और शांति के उस दिव्य संदेश का पुनर्स्मरण है, जिसकी आज के हिंसाग्रस्त और तनावपूर्ण विश्व को अत्यंत आवश्यकता है। बुद्ध पूर्णिमा का दिन अद्वितीय है, क्योंकि इसी दिन गौतम बुद्ध का जन्म, ज्ञानप्राप्ति और महापरिनिर्वाण-तीनों घटनाएं घटित हुई। नेपाल के लुम्बिनी में जन्मे सिद्धार्थ ने बोधगया में बोधिवृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त किया और कुशीनगर में निर्वाण को प्राप्त हुए। इस दृष्टि से यह दिन केवल एक महापुरुष का स्मरण नहीं, बल्कि जीवन की पूर्णता, जागरण और मुक्ति का प्रतीक है। आज विश्व के विभिन्न देशों-श्रीलंका, थाईलैंड, म्यांमार, जापान, कोरिया और भारत में इसे विभिन्न नामों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है। श्रीलंका में 'वेसाक' के रूप में दीपों और करुणा के उत्सव के रूप में यह दिन विशेष रूप से उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

गौतम बुद्ध एक प्रकाशस्तंभ है, जिसका प्रकाश केवल बाहरी दुनिया को ही नहीं, बल्कि भीतरी दुनिया को भी आलोकिक करता है। बुद्ध को सबसे महत्वपूर्ण भारतीय आध्यात्मिक महामनीषी, देवपुरुष, सिद्ध-संन्यासी, समाज-सुधारक धर्मगुरु माना जाता हैं। बुद्ध को भगवान विष्णु का नौवां अवतार भी माना जाता है, इस दृष्टि से हिन्दू धर्म में भी वे पूजनीय है। उन्हें धर्मक्रांति के साथ-साथ व्यक्ति एवं विचारक्रांति के सूत्रधार भी कह सकते हैं। उनकी क्रांतिवाणी उनके क्रांत व्यक्तित्व की द्योतक ही नहीं वरन् धार्मिक, सामाजिक विकृतियों एवं अंधरूढ़ियों पर तीव्र कटाक्ष एवं परिवर्तन की प्रेरणा भी है, जिसने असंख्य मनुष्यों का जीवन-निर्माण किया एवं उनकी जीवन दिशा को बदला। बुद्ध ने जब अपने युग की जनता को धार्मिक-सामाजिक, आध्यात्मिक एवं अन्य यज्ञादि अनुष्ठानों को लेकर अज्ञान में घिरा देखा, साधारण जनता को धर्म के नाम पर अज्ञान में पाया, नारी को अपमानित होते देखा, शुद्रों के प्रति अत्याचार होते देखे-तो उनका मन जनता की सहानुभूति में उद्वेलित हो उठा। लोकजीवन को ऊंचा उठाने के लिये उन्होंने जो हिमालयी प्रयत्न किये, वे अद्भुत और आश्चर्यकारी है। बुद्ध के अनुसार जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त करना है।

गौतम बुद्ध के बचपन का नाम सिद्धार्थ था, वे एक राजकुमार थे, किन्तु जीवन के दुख-जरा, व्याधि और मृत्यु ने उनके अंतर्मन को विचलित कर दिया। 29 वर्ष की आयु में उन्होंने राजवैभव का त्याग कर सत्य की खोज का मार्ग अपनाया। कठोर तप और साधना के पश्चात उन्होंने पाया कि न तो भोग का मार्ग उचित है और न ही अत्यधिक तप का। उन्होंने 'मध्यम मार्ग' का सिद्धांत दिया-संतुलन, सजगता और समत्व का मार्ग। गौतम बुद्ध ने सारनाथ में अपना प्रथम उपदेश दिया, जिसे 'धर्मचक्र प्रवर्तन' कहा जाता है। उनके चार आर्य सत्य-दु:ख, दु:ख का कारण, दु:ख का निरोध और दु:खनिरोधगामिनी प्रतिपदा-मानव जीवन के गहन विश्लेषण और समाधान प्रस्तुत करते हैं। आज का विश्व युद्ध, आतंकवाद, हिंसा, असहिष्णुता और मानसिक तनाव से जूझ रहा है। ऐसे समय में बुद्ध का करुणा एवं शांति का संदेश अत्यंत प्रासंगिक हो उठता है। उन्होंने स्पष्ट कहा- 'द्वेष से द्वेष कभी समाप्त नहीं होता, प्रेम से ही द्वेष समाप्त होता है।' यह केवल एक नैतिक उपदेश नहीं, बल्कि सामाजिक और वैश्विक शांति का सूत्र है। यदि आज के राष्ट्र, समाज और व्यक्ति इस एक सिद्धांत को आत्मसात कर लें, तो अनेक संघर्षों का समाधान संभव हो सकता है। महात्मा बुद्ध के जीवन का एक प्रेरक प्रसंग उनकी करुणा और क्षमाशीलता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। एक व्यक्ति जो उन्हें निरंतर अपशब्द कहता था, जब दुर्घटनाग्रस्त होकर पीड़ा में पड़ा, तब बुद्ध स्वयं उसके पास पहुंचे, उसके घावों की सेवा की और अपने भिक्षुओं को उसकी देखभाल का निर्देश दिया। बुद्ध के इस अप्रत्याशित प्रेम और करुणा से उसका हृदय परिवर्तन हो गया और उसने अपने व्यवहार के लिए क्षमा मांगी। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि सच्ची महानता प्रतिशोध में नहीं, बल्कि क्षमा और करुणा में निहित है और यही भाव मानवता को जोड़ने की सबसे बड़ी शक्ति है। बुद्ध ने केवल बाह्य हिंसा का विरोध नहीं किया, बल्कि मन की हिंसा-ईर्ष्या, क्रोध, लोभ और अहंकार को भी सबसे बड़ा शत्रु बताया। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति स्वयं पर विजय प्राप्त कर लेता है, वही सच्चा विजेता है। हजारों युद्ध जीतने वाला भी उस व्यक्ति के सामने छोटा है, जिसने अपने मन को जीत लिया।

## सुविचार

इस दुनिया में आजाद कौन है? वह व्यक्ति जो खुद पर नियंत्रण रखता है।

**- होरेस**

बड़ा सोचे, जल्दी सोचे, आगे सोचे विचारों पर किसी का एकाधिकार नहीं है।

**- धीरूभाई अंबानी**

## प्रसंग

# त्याग का तप

जब मेघनाद के शक्ति बाण से लक्ष्मण मूर्छित हो गए, तो विभीषण की राय पर हनुमान सुषेन वैद्य को ले आए। वैद्य जी ने हिमालय से संजीवनी बूटी लाने की सलाह दी, पर यह शर्त भी रखी कि अगर सूर्योदय से पहले लक्ष्मण को संजीवनी नहीं पिलाई गई तो वह जिंदा नहीं बचेंगे। यह काम हनुमान को सौंपा गया। जब हनुमान पूरे धवल गिरि को उठाए अयोध्या से गुजर रहे थे, तो उन पर भरत की दृष्टि पड़ गई। भरत ने सोचा कि राम की अनुपस्थिति में कोई राक्षस अनिष्ट करने की मंशा से राज्य के ऊपर मंडरा रहा है। उन्होंने धनुष-बाण उठाया और हनुमान पर निशाना साध दिया। बाण लगते ही हनुमान धरती पर आ गिरे और कुछ क्षणों के लिए अचेत हो गए। भरत को बहुत ग्लानि हुई। कुशल क्षेम पूछने के बाद भरत ने कहा,' आपको सूर्योदय से पहले लंका पहुंचना है और दूरी बहुत ज्यादा है। मेरे बाण पर बैठ जाइए, इससे आप तुरंत ही राम के पास पहुंच जाएंगे।' हनुमान ने कहा, 'राम का नाम लेने में जितनी देर लगती है, उतने ही समय में मैं लंका पहुंच जाऊंगा।' इस बीच सभी रानियां भी आ गईं। दुखद समाचार सुनने के बाद कौशल्या ने राम के लिए संदेश दिया कि चाहे जो हो जाए, अगर लक्ष्मण जीवित न बचा तो तुम भी कभी अयोध्या मत आना। इसके बाद कैकेयी ने कहा, 'राम! वन में भटकते-भटकते बहुत दिन बीत गए हैं। अब तुम अयोध्या लौट आओ, अब मैं भरत को तुम्हारी जगह युद्ध के लिए भेज रही हूं।' सुमित्रा से रहा नहीं गया। वह बोलीं, 'लक्ष्मण के प्राण नहीं बचे तो कोई बात नहीं। तुम चिंता मत करना। उसका एक भाई शत्रुघ्न है, जल्दी से स्थिति के बारे में बताओ ताकि मैं तुम्हारी सेवा में उसे भेज सकूं।'

# मेहनत की नींव पर टिकी दुनिया: मजदूरों के संघर्ष, योगदान और वर्तमान चुनौतियों की गाथा


कांतिलाल मांडोत




मानव सभ्यता के विकास की कहानी अगर ध्यान से पढ़ी जाए तो उसके हर पन्ने पर मजदूरों की मेहनत, पसीना और संघर्ष साफ दिखाई देता है। चाहे ऊंची-ऊंची इमारतें हों, विशाल पुल हों, फैक्ट्रियां हों या फिर खेतों में लहलहाती फसलें–हर जगह एक मजदूर की मेहनत छिपी होती है। फिर भी विडंबना यह है कि समाज के इस सबसे महत्वपूर्ण वर्ग को अक्सर वह सम्मान, सुरक्षा और सुविधाएं नहीं मिल पातीं, जिसके वे हकदार हैं। इसी सच्चाई को याद दिलाने और मजदूरों के अधिकारों को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 1 मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। मजदूर दिवस केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह एक संघर्ष की याद है। यह उन दिनों की कहानी कहता है जब मजदूरों को 15-16 घंटे तक काम करना पड़ता था, बिना किसी निश्चित समय सीमा और बिना पर्याप्त वेतन के। 19वीं सदी के अंत में जब औद्योगिक क्रांति अपने चरम पर थी, तब मजदूरों की स्थिति अत्यंत दयनीय थी। ऐसे समय में उन्होंने अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाई और 8 घंटे कार्य दिवस की मांग की। यह मांग धीरे-धीरे एक बड़े आंदोलन में बदल गई, जिसने पूरी दुनिया को प्रभावित किया। आज जो हमें 8 घंटे काम, 8 घंटे आराम और 8 घंटे अपने लिए का सिद्धांत मिलता है, वह इन्हीं संघर्षों की देन है। भारत में मजदूरों की स्थिति भी अलग नहीं रही। आजादी से पहले और उसके बाद भी मजदूर वर्ग ने कई कठिनाइयों का सामना किया। 1 मई 1923 को भारत में पहली बार मजदूर दिवस मनाया गया, जिसने श्रमिक आंदोलनों को एक नई दिशा दी। इसके बाद धीरे-धीरे मजदूरों के अधिकारों के लिए कानून बनाए गए, जिनमें न्यूनतम मजदूरी, कार्य समय, सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं। लेकिन कागजों पर बने ये नियम आज भी पूरी तरह जमीन पर लागू नहीं हो पाए हैं। आज के समय में भी मजदूरों की स्थिति पूरी तरह संतोषजनक नहीं कही जा सकती। खासकर असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों को आज भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्हें नियमित रोजगार नहीं मिलता, वेतन अस्थिर होता है और सामाजिक सुरक्षा का अभाव रहता है। निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को देखें तो वे कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं, लेकिन उनके पास न तो उचित सुरक्षा उपकरण होते हैं और न ही स्वास्थ्य सुविधाएं।

ऊंची-ऊंची इमारतों के निर्माण में मजदूरों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। वे तपती धूप में, कड़कती सर्दी में और कभी-कभी बारिश में भी लगातार काम करते हैं। उनके बिना शहरों का विकास संभव ही नहीं है। लेकिन इन्हीं इमारतों के बनने के बाद अक्सर मजदूरों को वहां रहने का अधिकार नहीं मिलता। वे झुग्गियों या अस्थायी बस्तियों में रहने को मजबूर होते हैं, जहां बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव होता है। सरकार ने मजदूरों की स्थिति सुधारने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इनमें मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना है।

## राज काज

### केजरीवाल हवा में उड़ रहे थे ?

अरविंद केजरीवाल अपने आप को नरेंद्र मोदी जितने ताकतवर मानने लगे थे। उनका मानना था, जल्द ही मोदी जी की सरकार गिरेगी, विपक्षी दल उन्हें प्रधानमंत्री बना देगें। राहुल गांधी और कांग्रेस को कमजोर करने के लिए उन्होंने पूरी ताकत लगा दी। अपनी ताकत दिखाने के लिए वह पंजाब और गुजरात में सीधे-सीधे प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को चुनौती दे रहे थे। केजरीवाल की 100 सुनार की और एक लोहार की चोट ने सब कुछ गड़बड़ कर दिया है। हवा में उड़ते केजरीवाल जमीन पर बड़ी जोर से आकर गिरे हैं।आगे क्या होगा भगवान जाने।

### प्रधानमंत्री की दौड़ में...

भारतीय जनता पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। चुनाव के पहले और चुनाव के बाद में देश के कई नेता अपने आपको प्रधान मंत्री बनता हुआ देख रहे थे।पहले नीतीश बाबू ने इंडिया गठबंधन को बनाने और तोड़ने का काम किया। ममता दीदी ने भी यह मान लिया था, मोदी से ज्यादा ताकतवर वह हैं। वह भी राहुल गांधी और कांग्रेस को कमजोर करने का कोई मौका नहीं छोड़ा।चुनाव आयोग के खिलाफ जब राहुल गांधी ने पत्रकार वार्ता में घोटाले के खुलासे किए थे। तब सभी विपक्ष चुप था। विपक्षियों को चुनाव आयोग और भाजपा गठबंधन की याद आ रही है। पश्चिम बंगाल के चुनाव में सब ने सब कुछ देख लिया है। एक-एक करके सब मारे जाएंगे। नितीश बाबू को मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ा। अब सांसद भर रह गए हैं। प्रधानमंत्री तो मोदी ही बने रहेंगे।

### पंजाब में भाजपा की सरकार?

पंजाब विधान सभा के चुनाव 2027 में होने हैं। उसके पहले ही भाजपा ने पंजाब में अपनी सरकार बनाने की कोशिश शुरू कर दी है। आम आदमी पार्टी के 7 सांसदों का इस्तीफा हो चुका हैं।पंजाब मे आम आदमी पार्टी के 40 से अधिक विधायक दल- बदल के लिए तैयार बैठे हैं। राघव चड्ढा ने टिकट बनती थी अब वह भाजपा में हैं। कांग्रेस के विधायकों को भी दल बदल के लिए तैयार किया जा चुका है। शिरोमणि अकाली दल भी टूटेगा। विधानसभा चुनाव के पहले पंजाब में भाजपा की सरकार बन जाए,तो किसी को आश्चर्य नहीं होगा। तुलसीदास जी कह गए हैं। समरथ को नहीं दोष गुसांई। भाजपा के सामने कोई टिक नहीं सकता है।

### ज्ञानेश कुमार सर्व शक्तिशाली?

केंद्रीय चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस समय देश के सबसे शक्तिशाली व्यक्ति हैं। वह कुछ भी कर लें, उनके ऊपर कोई आपराधिक मुकदमा दर्ज नहीं होगा। यह विशेष अधिकार भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भी प्राप्त नहीं है। वह जो चाहते हैं, वह कर पाते हैं। उन्हें संसद नियम कानून इत्यादि का कोई बंधन उनके ऊपर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी पश्चिम बंगाल चुनाव के बाद ज्ञानेश कुमार के कसीदे पढ़ने लगे हैं। अब यहां तक चर्चा होने लगी है, जल्द ही उन्हें देश का सर्वोच्च खिताब मिलने में कोई बाधा नहीं रह गई है।

## जरा हटके

# नासा ने मंगल पर कुछ ऐसा खोज निकाला है जो सीधे-सीधे जिंदगी से जुड़ा

**वाशिंगटन,(ईएमएस)।** नासा के सबसे भरोसेमंद मिशन में से एक क्यूरियोसिटी रोवर ने मंगल ग्रह पर कुछ ऐसा खोज निकाला है जो सीधे-सीधे जिंदगी से जुड़ा है। मंगल ग्रह जिसे हम सूखा, ठंडा और बंजर ग्रह मानते हैं। वहीं से अब मिले हैं ऑर्गेनिक मॉलिक्यूल ने इस धारण को बदल दिया है। दरअसल सीधी भाषा में ये वहीं केमिकल कंपाउंड्स हैं, जिससे धरती पर जीवन की शुरुआत हुई थी। यानी यह लाइफ के बिल्डिंग ब्लॉक्स माने जाते हैं। क्यूरियोसिटी रोअ ने मंगल के इक्वेटर के पास मौजूद एक सूखी झील यानी कि गेल क्रेटर में सात अलग-अलग ऑर्गेनिक कंपाउंड्स डिटेक्ट किए हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यहां यह है कि इनमें से पांच कंपाउंड्स पहले भी कभी मंगल पर दिखाई नहीं दिए।

बता दें कि क्या यह मॉलिक्यूल्स इस बात का सबूत है कि मंगल पर कभी जिंदगी थी? लेकिन अभी पक्का नहीं है क्योंकि यह मॉलिक्यूल्स तीन तरीके से आते हैं। प्राचीन माइक्रोस्कोपिक लाइफ से, मेट्रॉइड से या फिर जियोलॉजिक प्रक्रिया से। लेकिन एक बात साफ है कि अगर मंगल पर कभी जिंदगी थी, तब उसके केमिकल निशान आज भी मौजूद है। आज मंगल का टेंपरेचर 100एसेल्सियस तक पहुंच चुका है और बहुत ही पतला एटमॉस्फियर है। खतरनाक सोलर रेडिएशंस हैं। लेकिन हमेशा ऐसा नहीं था। करोड़ों साल पहले वहां पानी बहता था। झीलें थी और एटमॉस्फयर भी थिक था। यानी बिल्कुल वैसा जैसा अर्थ पे होता है। इसलिए वैज्ञानिक मानते हैं कि मंगल पर जीवन की शुरुआत होना पूरी तरह से संभव हो सकता है।

अब सबसे बड़ा सवाल यहां ये उठता है क्या इतने पुराने केमिकल ट्रेसेस आज तक सर्वाइव कर सकते हैं? और यहीं पर यह डिस्कवरी बनती है। बता दें कि क्यूरियोसिटी रोवर ने इसतरह के मॉलिक्यूल्स डिटेक्ट किए हैं जैसे कि बेंजोथियोफीन यानी कि सल्फर कंटेनिंग कंपाउंड और इसके साथ ही नाइट्रोजन बेस्ड कंपाउंड्स और इनका स्ट्रक्चर बिल्कुल डीएनए से जुड़ा हुआ है। यानी डीएनए से जुड़े मॉलिक्यूल्स जैसा मिलताजुलता है। ध्यान रखें कि ये डीएनए नहीं है लेकिन डीएनए बनाने वाली बिल्डिंग ब्लॉक जरूर हो सकते हैं।

## फोटो ऑफ द डे


कंबोडिया में अधिकारी वन्य प्राणियों के संरक्षण से जुड़े संगठन के लोग रॉयल टर्टल (कछुओ) को पानी में छोड़ते हुए (फोटो-ईएमएस)

## व्यंग्य

# देसी हाथ बनाम विदेशी हाथ

–गुरमीत बेदी

भाईयों, आज का टॉपिक है- देसी हाथ बनाम विदेशी हाथ। आज हम इसी टॉपिक पर चर्चा करेंगे और अपना सिर खपायेंगे। अब आप यह मत कह बैठना कि हाथ तो हाथ ही होता है, देसी हो या विदेशी, गोरा हो या काला, भ्रष्टाचार से सना हो या दूध धुला, छोटा हो या बड़ा, पाँच उँगलियों वाला हो या छह-सात उँगलियों से सज्जित, इससे क्या फ़र्क पड़ता है और इस पर क्या फिजूल की बहस करनी। लेकिन अपुन को यह साबित करना है कि देसी हाथ और विदेशी हाथ में उसी तरह ज़मीन-आसमान का फ़र्क होता है जैसे देसी दुल्हन और विदेशी मेम, देसी गाड़ी और विदेशी गाड़ी, देसी शराब और विदेशी शराब, देसी लॉकर और विदेशी लॉकर में फ़र्क होता है इत्यादि-इत्यादि। वैसे तो देने के लिए अपुन के पास और भी उदाहरण हैं लेकिन अपुन पहले ही स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि अपुन का मकसद मुल्क का टाइम पास करना है न कि टाइम बरबाद करना, इसलिए हम बहस को देसी हाथ बनाम विदेशी हाथ तक सीमित रखेंगे, राजनीतिक दलों के अंदरूनी झगड़ों की तरह ज़्यादा पचड़े में नहीं पड़ेंगे। पचड़ेबाजी में पड़ने से बंदा विवाद ग्रस्त हो जाता है और प्रजातंत्र में विवाद ग्रस्त होना कई बार बहुत महँगा पड़ जाता है, इसलिए महँगाई और विवाद से किनारा करते हुए अपुन यह साबित करेंगे कि कौन-कौन से लफड़ों में विदेशी हाथ होता है और कौन से लफड़े देसी यानी स्वदेशी हाथ द्वारा किए जाते हैं। पहले हम देसी हाथ की चर्चा करेंगे और कुछ एक उदाहरणों द्वारा यह बताएँगे कि देसी हाथ भी किसी से कम नहीं है, इसे यों ही सस्ते में लेने की भूल न की जाए। अगर किसी पार्टी में नेतृत्व की लड़ाई छिड़ती है और मामला मीडिया के मार्फत पब्लिक तक पहुँचता है तो इसका मतलब एकदम साफ़ है कि इस पचड़े में शुद्ध रूप से देसी हाथ ही है। हो सकता है पार्टी के भीतर कोई महत्वाकांक्षी व्यक्ति जलजला पैदा करके आसन हथियाना चाहता हो।

अगर समय पर उस व्यक्ति की महत्वाकांक्षा पर नकेल कस दी जाए तो मीडिया के मार्फत पब्लिक को यह बात भी पता चल सकती है कि सिंहासन पलट की नाकाम कोशिश के पीछे खुदा का नहीं बल्कि देसी हाथ ही था। देसी हाथ के और भी बहुत से जलवे हैं। मान लीजिए कि किसी विभाग में कोई घोटाला होता है ओर घोटाले का पर्दाफाश हो जाता है तो यही कहा जाएगा कि घोटाला करने के पीछे भी देसी हाथ था और घोटाले की खबर लीक करवाने में भी देसी हाथ का ही कमाल था। इश्कबाज़ी में भी कई बार देसी हाथ रंग दिखाता है। प्रेमी महोदय अपनी प्रेमिका तक खत पहुँचाने के लिए जिस दोस्त की मदद ले रहे होते हैं, एक दिन वहीं दोस्त प्रेमिका उड़ाकर ले जाता है और प्रेमी महोदय अपनी डायरी में उदास नग़मे लिखने को मजबूर हो जाते हैं। देसी जेल से अगर देसी कैदी भाग जाएँ तो इसमें भी देसी हाथ ही होता है और देश में कहीं परीक्षा के पेपर लीक हो जाएँ तो इस करिश्मे के पीछे भी देसी हाथ का चमत्कार होता है। देसी हाथ कई बार फ़र्श से अर्श तक पहुँचा देता है और कई बार अर्श से फ़र्श पर लाकर पटक देता है। ऐसा चमत्कार अमूमन राजनीति में होता है।

## चिंतन-मनन

# विनम्रता का पाठ

पंडित विद्याभूषण बहुत बड़े विद्वान थे। दूर-दूर तक उनकी चर्चा होती थी। उनके पड़ोस में एक अशिक्षित व्यक्ति रहते थे-रामसेवक। वे अत्यंत सज्जन थे और लोगों की खूब मदद किया करते थे। पंडित जी रामसेवक को ज्यादा महत्व नहीं देते थे और उनसे दूर ही रहते थे। एक दिन पंडित जी अपने घर के बाहर टहल रहे थे। तभी एक राहगीर उधर आया और मोहल्ले के एक दुकानदार से पूछने लगा- भाई यह बताओ कि पंडित विद्याभूषण जी का मकान कौन सा है। यह सुनकर पंडित जी की उत्सुकता बढ़ी। वह सोचने लगे कि आखिर यह कौन है जो उनके घर का पता पूछ रहा है। तभी दुकानदार ने उस राहगीर से कहा-मुझे तो किसी पंडित जी के बारे में नहीं मालूम। तब राहगीर ने कहा-क्या रामसेवक जी का घर जानते हो? दुकानदार ने हंसकर कहा-अरे भाई उन्हें कौन नहीं जानता। वे बड़े भले आदमी हैं। फिर उसने हाथ दिखाकर कहा- वो रहा रामसेवक जी का घर। फिर दुकानदार ने राहगीर से सवाल किया-लेकिन आपको काम किससे है? पंडित जी से या रामसेवक जी से? राहगीर कहने लगा-भाई काम तो मुझे रामसेवक जी से है। पर उन्होंने ही बताया था कि उनका मकान पंडित विद्याभूषण जी के पास है। यह सुनकर पंडित जी ग्लानि से भर उठे। सोचने लगे कि उन्होंने हमेशा ही रामसेवक को अपने से हीन समझा और उसकी उपेक्षा की पर रामसेवक कितना विनम्र है। वह खुद बहुत प्रसिद्ध होते हुए भी उन्हें ज्यादा महत्व देता है। उसी रात पंडित जी रामसेवक के घर गए और उससे क्षमायाचना की। फिर दोनों गहरे मित्र बन गए।

## स्वास्थ्य

# स्वाद और सेहत को बेहतरीन संतुलन प्रदान करती है लस्सी

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** गर्मियों के मौसम में पारंपरिक और पौष्टिक पेय लस्सी एक ऐसा विकल्प है जो न सिर्फ स्वाद में लाजवाब होता है, बल्कि शरीर के तापमान को संतुलित रखने में भी अद्भुत रूप से मदद करता है। यह लोकप्रिय पेय भारत में सदियों से खानपान का एक अभिन्न अंग रहा है। लस्सी एक ऐसा पेय है जो स्वाद और सेहत दोनों का बेहतरीन संतुलन प्रदान करता है। अगर इसे सही समय पर और संतुलित मात्रा में पिया जाए, तो यह गर्मियों में शरीर को तुरंत ठंडक देने के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है। लस्सी को आमतौर पर दही को मथकर, उसमें चीनी, नमक, या अन्य स्वाद बढ़ाने वाली चीजें जैसे फल, मेवे या मसाले मिलाकर बनाया जाता है। देश के अलग-अलग हिस्सों में इसके स्वाद और इसे बनाने के तरीके में विविधता देखने को मिलती है, लेकिन इसका मूल सार वही रहता है शरीर को शीतलता और पोषण देना। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, लस्सी एक प्राकृतिक कूलिंग एनर्जी ड्रिंक है, जिसकी तासीर ठंडी होती है। यही कारण है कि गर्मियों में इसका सेवन शरीर को तुरंत राहत देता है और बाहरी गर्मी के बावजूद आंतरिक तापमान को नियंत्रित रखने में मदद करता है, जिससे व्यक्ति तरोताजा महसूस करता है। इसके अतिरिक्त, लस्सी पाचन तंत्र को मजबूत करती है क्योंकि इसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं, यह शरीर को हाइड्रेट रखती है, और तुरंत ऊर्जा भी प्रदान करती है, जो गर्मी से होने वाली सुस्ती को दूर करती है।

## सार-समाचार

### फर्जी दस्तावेज बना 41.80 लाख की धोखाधड़ी

**इंदौर।** प्लाट में फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेच देने और 41.80 लाख ऐंठ लेने के मामले में पुलिस ने दो लोगों पर केस दर्ज किया है। पंढरीनाथ पुलिस के मुताबिक शिकायतकर्ता दीपिका कुसमाकर की ओर से शिकायत की जांच के बाद आरोपी अमित पिता राकेश शर्मा निवासी छत्रीबाग और साथी सुमित पिता मुकेश कलसेकर निवासी विदुर नगर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया। शिकायत में कहा गया कि आरोपियों ने 9 अक्टूबर 2025 को 79 छत्रीबाग राजस्व ग्राम इंदौर स्थित भूखंड के फर्जी दस्तावेज तैयार किए। दोनों ने मिलकर पीडित दीपिका कुसमाकर के भूखंड के नाम पर 41 लाख 80 हजार रूपए प्राप्त कर लिए और धोखाधड़ी की।

### मंडी सचिव को धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** चोइथराम मंडी के सचिव को एक ई रिक्शा चालक ने धमकी दी कि तुमको निपटा दूंगा। इसकी शिकायत उन्होंने थाने में की। पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार चोइथराम मंडी प्रशासन ने कुछ दिनों से मंडी में ई रिक्शा को गेट पर ही सवारी उतारने को कहा है। उनकी अंदर एंट्री बंद कर दी है क्योंकि अंदर ये लोग सवारी के स्थान पर सब्जी लोड करते हैं और अंदर की व्यवस्था बिगाड़ते हैं। इसी बात को लेकर एक ई रिक्शा चालक ने मंडी सचिव ओपी खेड़ो को धमकी देते हुए कहा कि तुमको निपटा देंगे जान से मार देंगे। इसके बाद वे राजेंद्र नगर थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस राजेंद्र नगर ने मामले का संज्ञान लिया और आरोपी नितिन लोधी को गिर तार कर लिया। बताते हैं कि उसके जेल भेज दिया गया है। ज्ञात रहे कि दो दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें एक व्यक्ति चाकू की नोंक पर दूसरे व्यक्ति को धमका रहा था। पुलिस ने वीडियो के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था यहां आए दिन विवाद सामने आ रहे हैं।

### हाईकोर्ट में नौकरी के नाम पर 25 हजार की ठगी

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** हाईकोर्ट में सहायक क्लर्क की नौकरी लगवाने के नाम पर आरोपी ने एक महिला के साथ धोखाधड़ी कर दी। आरोपी ने फर्जी जाइनिंग लेटर थमाया और 25 हजार रूपए ऐंठ लिए। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार ठगी की वारदात फरियादी स्वाति बाथम निवासी तलावली चांदा के साथ हुई। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी लक्ष्मण मेहरा के खिलाफ केस दर्ज किया गया। शिकायत में बताया गया कि आरोपी से फरवरी 2025 में मुलाकात कोर्ट परिसर के बाहर हुई थी। उसने बोला था कि हाईकोर्ट में सहायक क्लर्क की वैकेंसी है। उसने बोला कि मैं भी वहां काम करता हूं। फिर नौकरी लगवा देने का झांसा देकर एक आफ लाइन फार्म भी दिया और 25 हजार रूपए ले लिए थे। आरोपी ने कहा कि पूरी प्रक्रिया छह महीने में होगी जब आरोपी ने फरियादी के पति ने गीता भवन चौराहे के पास बुलाया और जाइनिंग लेटर की एक प्रति भी सौंप दी थी। मगर कोर्ट पहुंचने पर पता चला कि फर्जी है। इस पर ठगी का पता चला। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### पत्नी का सिर फोड़ा

**इंदौर।** कैलोद काकड़ में शराब के नशे में धुत पति ने अपनी पत्नी के साथ न केवल बेरहमी से मारपीट की, बल्कि पत्थर मारकर उसका सिर भी फोड़ दिया। लसूड़िया पुलिस के अनुसार, फरियादी सुशीला पति रुपसिंह राठौर निवासी कैलोद काकड़ ने थाने पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाई। सुशीला ने बताया कि उसका पति रुपसिंह शराब पीने का आदी है और अक्सर घर में विवाद करता है। बीती सुबह जब सुशीला नहाकर बैठी थी, तभी रुपसिंह शराब के नशे में चूर होकर घर पहुंचा और बिना किसी कारण के उसे गालियां देना शुरू कर दिया। जब सुशीला ने गाली देने से मना किया और विरोध जताया, तो आरोपी आपा खो बैठा। उसने पहले सुशीला के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की और फिर पास ही पड़ा एक पत्थर उठाकर उसके सिर पर दे मारा। हमले के कारण सुशीला का सिर फट गया और खून निकलने लगा। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, जिन्हें देखकर आरोपी वहां से भाग निकला।

### लाखों की चांदी लेकर भागने वाला नौकर पकड़ाया

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** ज्वेलर्स की दुकान पर काम करने वाला नौकर मौका पाकर लाखों रुपए की करीब 6 किलो चांदी लेकर भाग गया था, मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर उसकी तलाश करते हुए उसे धरदबोचा। वहीं जिसे चोरी की गई चांदी बेची थी उसे भी आरोपी बनाकर गिरफ्तार कर लिया। सराफा थाना प्रभारी राजकुमार लिटौरिया ने बताया कि 8 अप्रैल को फरियादी राहुल पिता राकेश जैन निवासी साउथ तुकोंगज (विहर्स ज्वेलर्स) बड़ा सराफा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके यहां काम करने वाले कर्मचारी पंकज निमावत को 6 किलो 105 ग्राम चांदी लेने हेतु बड़ा सराफा में ही आशीष कुमार मोहन लाल ज्वेलर्स के यहां भेजा था, जिसकी कीमत करीब 15 लाख रूपए से अधिक थी। पकंज वहां से चांदी लेकर दुकान पर आया और कुछ देर में ही पूरा माल समेटकर चंपत हो गया। पुलिस ने पकंज निमावत के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया और घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खगाले और आरोपी की गिर तारी के लिए सायबर टीम की भी मदद ली गई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी पकंज निमावत को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4 किलो 800 ग्राम चांदी जब्त कर ली गई और शेष एक किलो आठ ग्राम चांदी राहुल को बेचना बताया। पुलिस ने उसे भी गिर तार कर उसके पास से भी मश्रुका बरामद कर लिया। आरोपियों को रिमांड पर लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

### कॉलेज परिसर में दिनदहाड़े चोरी

**इंदौर।** बदमाशों ने सरकारी क्वार्टर जैसे सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में वारदात को अंजाम देते हुए दिनदहाड़े एक क्वार्टर का ताला तोडकर नगदी और जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। भंवरकुआ पुलिस के अनुसार, चोरी की यह घटना सरकारी क्वार्टर, आर्ट्स एवं कॉमर्स कॉलेज परिसर में हुई। फरियादी रोहित पिता गोपाल कोहली ने बताया कि वह और उनकी पत्नी मोना दोपहर करीब 12 बजे अपनेअपने काम पर निकल गए थे। घर पर उस समय कोई मौजूद नहीं था। शाम करीब 4 बजे जब रोहित खाना खाने के लिए काम से वापस घर लौटा, तो उसके होश उड़ गए। घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और किवाड़ खुले थे। अंदर जाकर देखा तो कमरों में रखा सामान अस्तव्यस्त पड़ा था। रोहित ने जब अलमारी की जांच की, तो पता चला कि अज्ञात बदमाश लॉकर में रखे 50,000 रुपये नगद, एक जोड़ी चांदी की पायल और एक जोड़ी बिछिया चोरी कर ले गए हैं। पीड़ित ने तुरंत इसकी सूचना भंवरकुआं पुलिस को दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि बदमाशों की आवाजाही का पता लगाया जा सके।

### दुकान का ताला तोडकर 1.83 लाख उड़ाए

अज्ञात महिला ने रात के अंधेरे में एक दुकान को अपना निशाना बनाया। महिला चोर दुकान का ताला तोडकर दराज में रखे करीब पौने दो लाख रुपये लेकर रफूचक्कर हो गई। एमआईजी पुलिस के अनुसार, घटना पाटनीपुरा इलाके की है। फरियादी महेश पिता मांगीलाल मंगल निवासी पाटनीपुरा ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। महेश की क्षेत्र में दुकान है, जिसे वे रोज की तरह रात को बंद करके घर गए थे। रात के समय एक अज्ञात महिला ने दुकान का ताला तोड़ा और भीतर प्रवेश कर गई। महिला ने दुकान के अंदर रखी टेबल की ड्रॉज को खंगाला और उसमें रखे 1,83,500 रुपये नकद समेट लिए।

# चैट जीपीटी से नकल करते पकड़ाए 20 छात्र, देवी अहिल्या विवि का मामला

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की यूजी सेकंड ईयर की परीक्षाओं में नकल के मामले सामने आए हैं। 20 छात्रों को मोबाइल के जरिए चैट जीपीटी की मदद से नकल करते पकड़ा गया है। इनमें से कोई छात्र पानी की बोतल के कवर में तो कोई मोजे में मोबाइल छिपाकर लाया था।

**कोई पानी की बोतल के कवर में तो कोई मोजे में छिपाकर लाया था मोबाइल**




अब तक कुल 51 छात्र नकल करते पकड़े गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक परीक्षा में इन छात्रों ने चैट जीपीटी की मदद से सवाल हल किए। चौंकाने वाली बात यह है कि नकल के आधे से ज्यादा मामले हिंदी-अंग्रेजी, वूमेन एम्पावरमेंट जैसे ऑब्जेक्टिव प्रश्नों वाले पेपर में ही पकड़े गए। जानकारों का कहना है कि ऑब्जेक्टिव प्रश्नों का एक शब्द का जवाब होता है, जिसे चैट जीपीटी के जरिए हल करना आसान है। इधर, यूनिवर्सिटी के स्पेशल ऑब्जर्वर व उड़नदस्तों ने प्रकरण बनाकर रिपोर्ट भेज दी है। दरअसल 16 अप्रैल से डीएवीवी की बीकॉम, बीए, बीएससी सहित अन्य यूजी कोर्स की सेकंड ईयर की परीक्षाएं चल रही हैं। 5 मई तक ये परीक्षाएं खत्म होंगी। एक परीक्षा सेंटर पर छात्र ने अंग्रेजी की परीक्षा में मोजे से मोबाइल निकाला। चैट जीपीटी से चार प्रश्नों के जवाब पूछे और हल किए, लेकिन मोबाइल दोबारा छिपाने में पकड़ा गया। एक छात्र ने तो पानी की बोतल के कवर से मोबाइल निकाला। सवाल टाइप किए और पकड़ा गया। एक छात्र कमर में लगे बेल्ट के नीचे छोटा स्मार्ट फोन लेकर पहुंचा था। पहला ही सवाल टाइप किया और पकड़ा गया। टीम ने सभी से मोबाइल जब्त कर लिए हैं। अब छात्रों की ओएमआर शीट व उत्तर पुस्तिकाओं में लिखे जवाब से स्मार्ट फोन पर सर्च किए गए सवालों का मिलान होगा। उसके बाद कार्रवाई की जाएगी। यूनिवर्सिटी की स्पेशल कमेटी छात्रों के जवाबों के आधार पर आगे की कार्रवाई पर फैसला लेगी। शिक्षाविदों का कहना है कि यूनिवर्सिटी इन छात्रों के परिणाम रोकेगी। इसके बाद कमेटी का फैसला लागू किया जाएगा। संभावना है कि चैट जीपीटी से नकल करने वाले छात्रों की संबंधित विषय की परीक्षा खारिज की जा सकती है। इसके साथ ही कुछ छात्रों को पूरे सेमेस्टर से भी वंचित किया जा सकता है। यूनिवर्सिटी के एक अधिकारी के मुताबिक 60 स्पेशल ऑब्जर्वर की नियुक्ति के कारण नकल के ऐसे मामले भी पकड़ में आ रहे हैं, जो सामान्य तौर पर अब तक सामने नहीं आ पाते थे।

# हनीमून मर्डर केसः मुख्य आरोपी राज कुशवाहा की जमानत पर फैसला सुरक्षित, जांच पर उठे सवाल

**इन्दौर/शिलांग।** चर्चित हनीमून मर्डर केस में कानूनी कार्यवाही अब एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी को जमानत मिलने के बाद, अब सह-आरोपी और सोनम के कथित बॉयफ्रेंड राज कुशवाहा की जमानत याचिका पर अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस फैसले के बाद यह साफ होगा कि राज जेल की सलाखों से बाहर आएगा या नहीं। हाल ही में सोनम रघुवंशी को मिली जमानत ने पुलिस और जांच प्रक्रिया की गंभीर खामियों को उजागर कर दिया है। अदालत ने पाया कि गिरफ्तारी के दौरान कानूनी प्रक्रियाओं का सही



ढंग से पालन नहीं किया गया। गिरफ्तारी मेमो में धाराओं का उल्लेख त्रुटिपूर्ण था, जिसे पुलिस ने महज एक लिपिकीय गलती बताया, लेकिन अदालत ने इसे आरोपी के अधिकारों का हनन माना। इसके अलावा, अदालत ने इस बात पर भी कड़ी आपत्ति जताई कि गिरफ्तारी के बाद सोनम को कानूनी सलाह या वकील की सुविधा उपलब्ध कराने का कोई पुख्ता रिकॉर्ड मौजूद नहीं था। हालांकि, सोनम को कड़ी शर्तों के साथ जमानत दी गई है, जिसमें वह बिना अनुमति शिलांग जिला नहीं छोड़ सकेंगी। इधर, राज कुशवाहा की जमानत पर सुनवाई के दौरान उनके वकील पी. योबिन ने दलील दी है कि उनके मुवक्किल के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य नहीं हैं। दूसरी ओर, राजा रघुवंशी के परिवार ने इस पूरी न्यायिक प्रक्रिया पर गहरा असंतोष व्यक्त किया है। राजा के भाई विपिन रघुवंशी का कहना है कि वे जमानत के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती देंगे। मृतक की मां और पिता ने भी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि जांच की कमियों के कारण आरोपियों को लाभ मिल रहा है, जिससे न्याय की उम्मीद धूमिल हो रही है। अब सबकी नजरें अदालत के आगामी फैसले पर टिकी हैं।

# बैंक में गिरवी फ्लैट का कर दिया सौदा

### दंपत्ति ने की लाखों की धोखाधड़ी, केस दर्ज

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** बैंक के गिरवी फ्लैट को बेचकर 6.50 लाख की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने एक दंपत्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। मामला अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र का है।

पुलिस के मुताबिक फरियादी सुनीता पति हरीश पाल (44) निवासी ग्राम सिरपुर की रिपोर्ट पर संगीता पति कमल मोटवानी और कमल पिता मंशाराम मोटवानी निवासी सिल्वर पैलेस कालोनी अन्नपूर्णा के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया। फरियादी ने शिकायत दर्ज कराई कि 5 जून 2025 को आरोपियों ने सिल्वर पैलेस कालोनी में फ्लैट का सौदा किया था। सौदे के एवज कुल 6.50 लाख रूपए भी ले लिए थे। बाद में पता चला कि उक्त फ्लैट को स ादे से पहले ही आरोपियों ने एयू स्माल फाइनेंस बैंक में गिरवी रखा हुआ है। इसके बावजूद दंपति ने धोखाधड़ी करते हुए सौदा कर लिया। बाद में फ्लैट बेचने से इंकार भी कर दिया। जब मैंने आरोपियों सेस रूपए वापस मांगे और अनुबंध की शर्तें तोड़ने पर आपत्ति जताई तो आरोपियों ने जान से मारने की ध मकी दी और बोले कि तुमसे जो बने कर लो. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# महिला मोर्चा ने निकाली कॉग्रेस की अर्थी

**इंदौर (नवीन मौर्य)।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाली कॉग्रेस के ख़िलाफ़ आज भाजपा महिला मोर्चा ने केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर, मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मालिनी गौड, महेंद्र हार्डिया व मधु वर्मा, सुदर्शन गुप्ता, अंजू माखीजा, प्रदेश सहमीडिया प्रभारी आलोक दुबे, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष शैलजा मिश्रा की उपस्थिति में चिक मंगलूर चौराहे से श्रीराम मंदिर खातीपूरा तक जनाक्रोश पैदल मार्च निकाला। लोकसभा में जिस तरह विपक्ष ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की खिलाफत की है।



उसके खिलाफ आज पूरे देश में महिलाएं आक्रोशित हैं। विधायक मालिनी गौड ने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने लोकसभा में सिर्फ एक अधिनियम का विरोध कर देश की आधी आबादी का अपमान किया है। वरिष्ठ नेत्री अंजू माखीजा ने कहा कि कांग्रेस ने नारी शक्ति वंदन के रूप में सिर्फ एक अधिनियम का विरोध नहीं किया है। कांग्रेस और विपक्षी दलों ने महिलाओं के अधिकारों पर कुठाराघात किया है। इस अवसर पर श्रेष्ठा जोशी, दीप्ति हाडा, स्वाति काशीद, कंचन गिदवानी, नेहा शर्मा, मंजू ठाकुर, इंदु श्रीवास्तव, शैलजा मिश्रा, वृंदा गौड, पद्मा भोजे, निधि बंग, सोनाली धारकर, पूजा पाटीदार, राधा ठाकुर, सविता अखंड, रचना गुप्ता, माधुरी जायसवाल, शिखा दुबे, भावना चौधरी, हरप्रीत सिंह बक्शी, राकेश शर्मा, भारत पारख, वरुण पाल, सचिन बंसल, हेमराज वाडिया, रितेश शर्मा, नितिन शर्मा, विशाल यादव, राजा कोठारी, रूपाली पेंढारकर, नीता शर्मा, शीला गुप्ता, सुनीता पीपलोदीया, सुनीता जयपाल, गायत्री कुमावत, राधा राठौर, नारायणी बरेठा, बुलबुल वर्मा, गीता राजपूत, सोनिका केजरीवाल सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित थीं।

# पूर्व पार्षद कविता के पति सुनील दाभाडे पर धोखाधडी का प्रकरण पंजीबद्ध

**इंदौर।** सुरेश यादव निवासी- सुखलिया इन्दौर को पूर्व पार्षद कविता दाभाडे के पति सुनिल दाभाडे ने माँ शारदा नगर, सुखलिया इन्दौर में एक 20 बाय 50 वर्गफीट का प्लाट कुल 10,21,000/- रुपये में बेचने का लिखित अनुबंध सन् 2016 में किया और अनुबंध पेटे 10,00,000/- रुपये प्राप्त कर लिये और बकाया राशि प्राप्त करने में आनाकानी करते रहे तब सुरेश यादव को प्लाट नही दिया और झूठे आश्वासन देते रहा।

तब 10,00,000/- रुपये का एक चैक सुनिल ने सुरेश यादव को वापस भुगतान करने बतौर जारी करके प्रदत्त किया था। जिसे पीडित ने अपने बैंक अकाउण्ट में जमा किया तो चैक बाउन्स हो गया और 10,00,000/- रुपये पीडित सुरेश यादव को प्राप्त नही हुये इस प्रकार पीडित्त को ना तो आरोपी सुनील ने प्लाट दिया और ना ही सम्पूर्ण राशि वापस की। जो गम्भीर अपराध होने पर पीडित ने आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाने में और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित रिपोर्ट की परन्तु सुनील दाभाडे ने अपने राजनैतिक प्रभाव का दुरुपयोग करते हुये पुलिस को कोई कार्यवाही नहीं करने दी। जिस पर से पीडित ने इन्दौर न्यायालय न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी के ममक्ष फौजदारी याचिका प्रस्तुत की जो स्वीकार करते हुये आरोपी सुनील दाभाडे के विरुद्ध धोखाधडी का अपराध पंजीबद्ध कर लिया। माननीय न्यायालय के समक्ष आरोपी के उपस्थित नहीं होने पर पुलिस अपचा विजय नगर थाना प्रभारी को गिरफ्तारी वारंट से गिरफ्तार करने के आदेश पारित किये। अब पूर्व पार्षद पति आरोपी सुनिल दाभाडे गिरफ्तारी से बचने के लिये कई राजनैतिक हथकण्डे अपना रहा है और पुलिस को चकमा दे रहे है। ऐसी स्थिति में गम्भीर प्रश्न उठता है कि, कब तक ऐसा राजनैतिक प्रभावशाली व्यक्ति साधारण व्यक्ति के प्लाट रुपये हड़प करके, कानून को जेब में रखकर पुलिस पर दबाव बनाकर खुलेआम इन्दौर शहर में स्वतंत्र घुमता रहेंगा और कब तक पीडित व्यक्ति न्याय की आस लगाये न्यायालय के समक्ष गुहार लगाता रहेगा।

# युवती को नशीला पदार्थ खिला किया दुष्कर्म

### धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव, करणी सेना पदाधिकारी के साथ पहुंची थाने, कराई एफआईआर

**इन्दौर।** दुष्कर्म कर विडियो बना ब्लेकमैल करते धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के एक सनसनीखेज मामले में करणी सेना के पदाधिकारियों के साथ थाने पहुंची युवती की शिकायत पर पुलिस ने मुस्लिम युवक लकी उर्फ सोहेल खान के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामला पलासिया थाना क्षेत्र का है। पीड़िता से सोहेल खान ने नौकरी दिलाने का झांसा दे दोस्ती की, फिर नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किया और वीडियो बनाकर लंबे समय तक ब्लैकमेल करता रहा। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी साल 2022 में सोशल मीडिया के जरिए पहचान आरोपी लकी उर्फ सोहेल पुत्र रईस खान, निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी से हुई थी। पहचान बढ़ने के बाद उनकी पहली मुलाकात 56 दुकान पर हुई,



जहां सोहेल ने उसे नौकरी दिलाने का भरोसा दिया।? युवती ने पुलिस को अपनी शिकायत में बताया कि इसके बाद 20 दिसंबर 2023 को आरोपी तिलक नगर स्थित उसके घर पहुंचा। उस समय घर में कोई नहीं था। इस दौरान उसने खाने में कोई नशीला पदार्थ मिलाकर उसे खिला दिया, जिससे वह अचेत हो गई और उसने उसके साथ दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया। होश में आने पर आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे अपने साथ रहने के लिए मजबूर किया। मार्च 2024 में सोहेल उसे अजमेर ले गया, जहां उसके साथ जबरन धार्मिक क्रियाएं करवाई। युवती ने पुलिस को बताया कि अक्टूबर 2024 में वह गर्भवती हो गई। उसने आरोपी से शादी की बात कही तो उसने इनकार कर दिया और दबाव बनाकर गर्भपात करा दिया, जिससे उसकी तबीयत भी खराब हो गई थी। पीड़िता के अनुसार उस पर धर्म परिवर्तन कर धार्मिक रीति-रिवाज अपनाने का दबाव बनाया गया। मना करने पर उसके साथ मारपीट की गई और धमकाया गया। यही नहीं पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसे चंदन नगर क्षेत्र में एक व्यक्ति के पास ले जाया गया, जहां अंधविश्वास से जुड़ी गतिविधियां भी करवाई गई। परेशान हो कर उसने करणी सेना के पदाधिकारियों मानसिंह राजावत, लक्की बाहुबली और रक्षा शुक्ला से संपर्क किया वे उसे लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के पास पहुंचे जहां से पलासिया थाना पहुंच मामले में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस आरोपी सोहेल की तलाश कर रही है।

### कार से तस्करी, शराब की पेटियां मिली, चालक फरार

**इंदौर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने संदेह होने पर एक कार को रोका तो चालक ने कार रोकी और मौका पाकर फरार हो गया। जब पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें शराब की पेटियां भरी मिली। मामले में पुलिस कार चालक और गाड़ी मालिक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार केट चौराहे पर एक कार को शंका होने पर रोका गया लेकिन पुलिस कार तक पहुंच पाती उससे पहले चालक फरार हो गया।

# बैंककर्मी से वसूली का प्रयास, मारे चाकू

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** बाइक सवार बदमाशों ने ड्यूटी से लौट रहे बैंककर्मी को रास्ते में रोका और टक्कर मारने का झूठा आरोप लगाकर दस हजार रुपए वसूली का प्रयास किया। मना करने पर आरोपियों ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपी भाग गए। बदमाशों की संख्या तीन बताई गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच और आरोपियों की तलाश कर रही है। भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक अड़ीबाजी और चाकूबाजी की वारदात भंवरकुआ चौराहे से आइटी पार्क के बीच हुई। घायल का नाम गौतम परिहार है। वह निजी बैंक में कर्मचारी है। थाना प्रभारी संतोष दूधी के मुताबिक फरियादी ने पुलिस को बातया ाकि मैं अपनी बाइक पर सवार होकर ड्यूटी से घर जा रहा था. मैं भंवरकुआ चौराहे से आइटी पार्क के बीच अचानक एक मोटर साइकिल पर तीन अज्ञात युवक आए। वे आरोप लगाते हुए बोले कि तूने हमारी मोटर साइकिल में टक्कर मारी है दस हजार रूपए देना पड़ेंगे। मैंने कहा कि किसी गाड़ी को टक्कर नहीं मारी है। इसके बावजूद आरोपी गालियां देने लगे और बोले कि तुझे दस हजार रूपए देना पड़ेंगे. मैंने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी और फिर एक आरोपी ने चाकू निकाल कर मुझ पर वार कर दिया। चाकू मेरी जांघ में लगने से चोट आई और खून निकलने लगा। मैं चिल्लाया तो आरोपी वहां से भाग गए। जाते जाते धमकाकर बोले कि थाने पर रिपोर्ट की तो तुझे जान से खत्म कर देंगे। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट,गाली गलौज,धमकी और चाकूबाजी का केस दर्ज किया गया है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाकर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# भगवान लक्ष्मी नृसिंह का नाचते-गाते भक्तों ने जगह-जगह किया पूजन

**छत्रीबाग मंदिर से सुसज्जित रथ पर विराजित होकर भक्तों को दर्शन देने निकले भगवान, जगदगुरु स्वामी रामदयाल महाराज के सानिध्य में निकली भव्य शोभायात्रा**



इंदौर। भगवान नृसिंह के प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में गुरुवार को सुबह छत्रीबाग स्थित लक्ष्मी नृसिंह मंदिर से श्री जांगड़ा पोरवाल पंचायती सभा के तत्वावधान में निकली भव्य शोभायात्रा ने शहर के समूचे पश्चिम क्षेत्र को आस्था-श्रद्धा, भक्ति-उत्साह और संस्कृति-सनातन परम्पराओं के रंग में भिगोये रखा।

भगवान नृसिंह के प्रति आस्था का समंदर पूरे समय हिलोरे भरता रहा। एक सुसज्जित रथ पर विराजित होकर भगवान जब अपने भक्तों को दर्शन देने मंदिर से निकले तो उनकी एक झलक पाने के लिए भक्तों का सैलाब रास्ते भर उमड़ता रहा, वहीं अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के आचार्य जगदगुरु स्वामी रामदयाल महाराज एवं उनकी संत मंडली स्वर्ण रथ पर सवार होकर भक्तों को आशीर्वाद देते चल रहे थे।

श्री जांगड़ा पोरवाल पंचायती सभा उत्सव समिति के अरुण पोरवाल, सभा के अध्यक्ष रामदयाल फरक्या एवं महोत्सव के मुख्य यजमान समाजसेवी जगदीश कन्हैयालाल गुप्ता खेजडियावाला ने बताया कि छत्रीबाग मंदिर पर जगदगुरु स्वामी रामदयाल महाराज एवं संत मंडली द्वारा मंदिर में पूजा अर्चना के साथ इस दिव्य शोभायात्रा का शुभारम्भ हुआ। सासंद शंकर लालवानी, विधायक श्रीमती मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित शहर के अनेक राजनेता एवं पार्षद भी यात्रा में भागीदार बने। समाज की ओर से रामस्वरूप पोरवाल, अशोक मेहता, श्याम राणापुर, कृष्णकांत मजावदिया, मोहन धनोतिया, घनश्याम पोरवाल, चंद्रशेखर पोरवाल, सुनील गुप्ता तथा मातृशक्ति की ओर से कमल घरिया, हेमलता घाटिया और मंजू धनोतिया सहित समाज के सैकड़ों युवा और महिलाओं ने भी यात्रा की व्यवस्थाओं को संभाला। पुरुष श्वेत एवं महिलाऐं पीताम्बर केसरिया परिधान पहने सज-धजकर शामिल हुए।

भगवान के रथ को समाज के युवा, मातृशक्ति एवं वृद्धजन रस्सी की मदद से हाथों से खींचते हुए चल रहे थे। भजन गायक द्वारका मंत्री के भजनों की प्रस्तुतियों ने यात्रा के उत्साह और जोश को लगातार बढ़ाए रखा।

छत्रीबाग मंदिर से प्रारम्भ हुई यह यात्रा राजस्व ग्राम, सेवालय, नरसिंह बाजार, सांठा बाजार, बजाज खाना चौक, मारोठिया बाजार से सीतलामाता बाजार के कोने से पुनः लक्ष्मी नृसिंह मंदिर छत्रीबाग पहुंची जहाँ हजारों भक्तों ने भजन-संकीर्तन और जयघोष के बीच नाचते-गाते हुए महाभिषेक एवं महाआरती कर भगवान से पूरे समाज, शहर और राष्ट्र में सुख, शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की। इसके पूर्व वैदिक मंगलाचरण के बीच जब सुसज्जित रथ में भगवान लक्ष्मी नृसिंह को विराजित किया गया, जन सैलाब ने जयघोष से पूरे मंदिर परिसर को गुंजायमान बना दिया।

**35 स्वागतमंचों से हुआ पूजन** - बैंड-बाजों, ढोल, शहनाई और परम्परागत वाद्य यंत्रों की सुर लहरियों के बीच मार्ग में 35 स्वागत मंचों और तोरण द्वारों से भगवान के रथ के पूजन तथा स्वामी रामदयाल महाराज सहित संतों की अगवानी तथा पुष्प वर्षा के दृश्यों का सिलसिला पूरे समय चलता रहा, जिसने भक्तों के उत्साह को लगातार बनाए रखा।

**50 कार्यकर्ताओं ने संभाली यातायात व्यवस्था** - यातायात व्यवस्था सँभालने के लिए महोत्सव समिति की ओर से 50 कार्यकर्ता एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए भी स्वयं सेवक तैनात रहे। यात्रा के पुनः छत्रीबाग मंदिर पहुँचने पर महाभिषेक, महाआरती एवं महाप्रसादी के आयोजन में 3 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए।

अंत में उत्सव समिति के अरुण पोरवाल और अध्यक्ष रामदयाल फरक्या ने सभी श्रद्धालुओं का आभार माना।

# भगवान की संगत में रहोगे तभी भगवान बन पाओगे

इंदौर। अंजनी नगर स्थित श्री चंद्र प्रभु मांगलिक भवन में चल रही ग्रीष्मकालीन वाचना में श्रुत संवेगी मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि स्वाध्याय करने से धैर्य आता है, मन शांत रहता है और पुण्य की प्राप्ति होती है । धीरे-धीरे पढ़ो, उससे मन भटकता नहीं है और एकाग्रता बनी रहती है।



स्वाध्याय ही आपको सुरक्षित रखता है। जिसकी स्वाध्याय में रुचि रहती है वे ही आगे दीक्षा लेते हैं। आपने कहा कि गुरु की संगत से सारे कार्य आसान हो जाते हैं। भगवान की संगत में रहोगे तभी भगवान बनोगे।

दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के महामंत्री देवेंद्र सोगानी और प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के पट्टाचार्य महोत्सव के एक वर्ष पूर्ण होने पर अंजनी नगर स्थित पंचायती मंदिर के पीछे विद्या - विशुद्ध निलय भवन का उद्घाटन समाज श्रेष्ठी जितेंद्र - अनीता पाटोदी परिवार ने किया। मुख्य अतिथि थे, दिगंबर जैन समाज, सामाजिक संसद के अध्यक्ष द्वव विनय बाकलीवाल, आनंद गोधा एवं पूर्व अध्यक्ष कैलाश वेद ।

इस अवसर पर समाज श्रेष्ठी पिंकेश टोंग्या, डी के जैन, कमलेश कासलीवाल सतीश जैन, महावीर जैन, शंभू सोगानी, महावीर काला, रमणीक जी, महेंद्र जैन आदि ने मुनि संघ को श्रीफल समर्पित किए।

भवन निर्माण में मुख्य सहयोगी रहे मुकेश - रेखा पाटनी अपूर्व पंचोली एवं वत्सल काला का सम्मान संजय मोदी, नितिन पाटोदी, चिराग गोधा, दिलीप लुहाड़िया द्वारा किया गया।

सभी का आभार मंदिर जी के उपाध्यक्ष ऋषभ पाटनी ने माना।

# संस्था श्री बालाजी क्षेत्र माहेश्वरी समाज के नवीन पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन




इंदौर। माहेश्वरी समाज की धर्म व समाजसेवा में अग्रणी संस्था श्री बालाजी क्षेत्र माहेश्वरी समाज के 2026-29 के नवनिर्वाचित पदाधिकारी, कार्यसमिति एवं जिला पदाधिकारी के निर्विरोध चुनाव संपन्न हुए। संस्था के उपाध्यक्ष गोपालदास राठी एवं प्रचार मंत्री रोहन सोमानी ने बताया की स्वर्गीय कमल किशोर जी लड्ढा के आशीर्वाद एवं श्री पवन जी लड्ढा के सानिध्य में संस्था ने धर्म व समाजसेवा में और अधिक सक्रियता के संकल्प के साथ अध्यक्ष रितेश राठी, सचिव विजय जाजू, उपाध्यक्ष गोपालदास राठी व सत्यनारायण भूतड़ा, संगठन मंत्री, अनिल लालावत, संयुक्त मंत्री रितेश मंत्री, कोषाध्यक्ष एडवोकेट जगदीश तापड़िया एवं प्रचार मंत्री रोहन सोमानी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया।

# विभागीय अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी आपसी समन्वय से समय-सीमा में पूर्ण करें कार्य

**भोपाल :** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रदेश में संचालित विभिन्न अधोसंरचना विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि कार्यों में बेहतर समन्वय स्थापित कर समय सीमा में कार्य पूर्ण किए जायें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि निर्माण एजेंसियों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए अधोसंरचना विकास कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सभी परियोजनाओं की नियमित एवं सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, प्रगति, चुनौतियों एवं उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मेडिकल कॉलेज इंदौर में चल रहे सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिला चिकित्सालय पन्ना, सतना एवं सीधी में संचालित कार्यों की प्रगति का भी विस्तृत जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मेडिकल कॉलेज बुधनी, मंडला एवं छतरपुर में आवश्यक फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए टेंडर प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# राजधानी ठेका श्रमिकों और आउटसोर्स कर्मचारियों का उग्र प्रदर्शन, वेतन बढ़ाने की मांग तेज



**भोपाल ।** भोपाल में ठेका, अस्थायी और आउटसोर्स कर्मचारियों ने न्यूनतम वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। नीलम पार्क क्षेत्र में रैली निकालने के बाद कर्मचारी धरने पर बैठ गए और नारेबाजी की। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो वे सांकेतिक सामूहिक आत्मदाह जैसे कठोर कदम उठाने को मजबूर होंगे।

राज्य सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम मजदूरी 12,425 रुपए से बढ़ाकर 16,769 रुपए प्रतिमाह किए जाने के बावजूद कर्मचारियों में असंतोष है। उनका कहना है कि मौजूदा महंगाई को देखते हुए न्यूनतम वेतन कम से कम 26 हजार रुपए होना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कई विभागों में 3 से 5 हजार रुपए प्रतिमाह पर काम कराया जा रहा है, जो तय मानकों के विपरीत है।नर्मदापुरम से आए कर्मचारी अमित कुमार ने बताया कि वे लंबे समय से काम कर रहे हैं, फिर भी उन्हें नियमित नहीं किया गया। उनका कहना है कि राजस्व विभाग से जुड़े होने के कारण उनसे तहसीलदार, सरपंच, सचिव और पटवारी स्तर तक के काम लिए जाते हैं, लेकिन उसके अनुरूप भुगतान नहीं मिलता। उन्होंने यह भी कहा कि खसरा पंजीयन जैसे काम पर मात्र 8 रुपए मिलते हैं, जबकि सालभर केवाईसी, पंजीयन, ड्यूटी और फार्मर आईडी जैसे कार्य भी कराए जाते हैं, जिनका कोई अलग मानदेय नहीं दिया जाता। कर्मचारियों ने मांग की है कि उन्हें नियमित किया जाए, न्यूनतम वेतन बढ़ाया जाए और सरकार उनकी समस्याओं को आगामी विधानसभा सत्र में प्राथमिकता से उठाए।

# ऊर्जा मंत्री ने किया एमपी ट्रांसको के 132 केवी बानमोर सब स्टेशन का औचक निरीक्षण



**भोपाल :** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मुरैना जिले के बानमोर स्थित मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के 132 के वी सबस्टेशन का औचक निरीक्षण किया।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने सबस्टेशन की कार्यप्रणाली , सबस्टेशन मे वर्तमान लोड की स्थिति,कंट्रोल रूम के पैनल, बैटरी सेट के साथ स्विच यार्ड में उपकरणों का निरीक्षण कर इनके मेंटेनेंस के संबंध में जानकारी ली।

**निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें-** ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने पिछले वर्ष के सब स्टेशन की क्षमता 70 एम वी ए को बढाकर इस वर्ष 100 एम वी ए किए जाने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों को गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तत्पर रहने को कहा। इस अवसर पर उनके साथ मुरैना के पूर्व विधायक श्री राकेश मावई भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी ने सौर ऊर्जा उत्पादन की ओर बढ़ाया कदम : तोमर

**भोपाल :** मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने पारम्परिक ऊर्जा के साथ अब गैर वैकल्पिक ऊर्जा उत्पादन की ओर भी कदम बढाया है। पावर जनरेटिंग कंपनी प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 110 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना करेगी। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह जानकारी देते हुए कहा है कि यह परियोजनाएं मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के तीन प्रमुख ताप विद्युत गृहों श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया (40 मेगावाट), अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई (40 मेगावाट) और संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर (30 मेगावाट) में स्थापित होंगी।

**रणनीतिक स्थापना एवं फ्लेक्सिबिलिटी योजना के तहत संचालन-** पॉवर जनरेटिंग कंपनी ने अपने स्थापित ताप विद्युत गृहों में ही सौर संयंत्र स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिससे उपलब्ध संसाधनों, अधोसंरचना और तकनीकी विशेषज्ञता का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। इस रणनीति से परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन, लागत में कमी व संचालन दक्षता में वृद्धि होने की संभावना है। गौरतलब है कि इन संयंत्रों से उत्पादित विद्युत का संचालन केंद्र सरकार की फ्लेक्सीबिलिटी योजना के अंतर्गत किया जाएगा। यह योजना सौर ऊर्जा को तापीय या जल विद्युत के साथ जोड़कर 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगी। इस समेकित मॉडल के माध्यम से नवकरणीय ऊर्जा की अनियमितता को संतुलित करते हुए ग्रिड की स्थिरता और विश्वसनीयता को भी बढ़ाया जाएगा।

**राष्ट्रीय जलवायु लक्ष्यों के अनुरूप पहल-** वर्ष 2021 में आयोजित ष्ट्रह्रक्र26 सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत 'पंचामृत' लक्ष्य के अनुरूप है, जिसमें वर्ष 2030 तक देश की 50 प्रतिशत ऊर्जा आवश्यकताओं को नवकरणीय स्रोतों से पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड का यह प्रयास राज्य में ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति में योगदान देगा। पॉवर जनरेटिंग कंपनी पूर्व में मंदसौर जिले के रातागुराड़िया में 7 मेगावाट का सौर संयंत्र स्थापित कर इस दिशा में शुरुआत कर चुकी है।

# धर्म-संस्कृति के संवर्धन के साथ किसानों के हित में सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिस प्रकार शरीर के लिए भोजन आवश्यक है, उसी तरह आत्मा की शुद्धि के लिए भक्ति और सत्संग अनिवार्य हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में धर्म और संस्कृति की परंपरा को मजबूत बनाए रखने के लिए लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री गुरुवार को शाजापुर जिले के शुजालपुर स्थित हाटकेश्वर धाम सेमली घाट में पंडित कमल किशोर नागर द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होकर संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने गेहूं उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसानों ने कड़ी मेहनत से इस वर्ष गेहूं उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की है और अनुकूल परिस्थितियों के कारण उत्पादन लगभग दोगुना हुआ है। किसानों को उनकी उपज का पूरा मूल्य दिलाने के लिए सरकार समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद रही है, साथ ही प्रति क्विंटल 40 रुपए का बोनस भी दिया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीद रही है और किसानों की उपज का एक-एक दाना खरीदा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने संत समाज की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संतों ने सदैव समाज को सही दिशा देने का कार्य किया है। पंडित कमल किशोर नागर द्वारा संचालित गौसेवा और नशा मुक्ति अभियान से समाज में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि संस्कारित संतान ही समाज और राष्ट्र की वास्तविक ताकत होती है, इसलिए अगली पीढ़ी को शिक्षा और संस्कार देना आवश्यक है। उन्होंने भारतीय संस्कृति को त्याग और दान की परंपरा बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की कथा हमें सिखाती है कि सच्चा प्रेम और मानवीय मूल्य ही सबसे महत्वपूर्ण हैं। राज्य सरकार श्रीकृष्ण से जुड़े सभी स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित करने के लिए कार्य कर रही है। नगरीय निकायों में गीता भवन और ग्रामीण क्षेत्रों में आदर्श वृंदावन ग्राम विकसित किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए भी प्रयासरत है। काशी विश्वनाथ धाम में स्थापित वैदिक घड़ी का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अवलोकन किया जाना गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गौशालाओं का विस्तार किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री डॉ यादव ने किया कतरगांव गेहूं उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण

# मुख्यमंत्री ने कृषकों से किया संवाद, उपार्जन प्रक्रिया की सुगमता पर की चर्चा

### डॉ यादव ने कृषक सुरेश पाटीदार को सौंपी अनाज खरीदी पावती

खरगोन। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज खरगोन प्रवास के दौरान कतरगांव स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था के परिसर में गेहूं उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने केंद्र पर उपार्जन व्यवस्थाओं और किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने किसानों से चर्चा कर उपार्जन प्रक्रिया पर उनकी प्रतिक्रिया भी जानी। उन्होंने केंद्र पर पंजीकृत विक्रेता कृषक संख्या, खरीदी गई मात्रा और भुगतान की गई राशि की जानकारी भी प्राप्त की।

उपार्जन केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक अन्नदाता को सम्मान और सुविधा के साथ उपज का उचित मूल्य दिलाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है; इसलिए उपार्जन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित निराकरण किया जाए। किसानों के उपज की तौल समय पर हो सके इसके लिए पर्याप्त संख्या में बारदाने, तौल कांटे, सिलाई मशीन, स्लॉट बुकिंग हेतु कंप्यूटर, नेट कनेक्शन, कंप्यूटर ऑपरेटर, आदि व्यवस्थाएं उपार्जन केन्द्र पर हमेशा उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा कि केंद्र के सभी 6 तौल कांटों पर निरंतर तुलाई कार्य चलता रहे। उन्होंने केंद्र पर कृषकों की सुविधा के लिए पेयजल, छाया, बैठक, इत्यादि व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया तथा सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने उपार्जन केंद्र पर उपस्थित हम्मालों से गेहूं तुलाई के संबंध में जानकारी प्राप्त कर उन्हें शासन के निर्देशानुसार सही तौल करने के लिए अवगत कराया।

मुख्यमंत्री डॉ यादव के निरीक्षण के दौरान महेश्वर विधायक राजकुमार मेव, पुलिस महानिरीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा, कलेक्टर भव्या मित्तल, एसपी रवींद्र वर्मा, उपसंचालक कृषि शिवसिंह राजपूत, उपायुक्त सहकारिता कांशीराम अवासे, जिला आपूर्ति अधिकारी एचएस मुवेल, सीईओ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित संध्या रोकड़े सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



#### कृषक को सौंपी अनाज खरीदी पावती

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने उपार्जन केंद्र से ई-उपार्जन पोर्टल पर अनाज खरीदी पावती जनरेट करने में पोर्टल पर लगने वाले समय एवं प्रक्रिया का विस्तृत परीक्षण किया। उन्होंने कृषक सुरेश पाटीदार की 55 क्विंटल गेहूं की खरीदी उपरांत ई-उपार्जन पोर्टल पर कृषक को पावती आनलाइन जनरेट करवायी और कृषक को भुगतान राशि रुपए 1,44,374 का पावती पत्र सौंपा। उन्होंने पाटीदार से पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से पावती पत्र जनरेट और भुगतान प्रक्रिया की सुगमता के बारे में मत जाना। श्री पाटीदार ने बताया कि उन्हें गेहूं उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य और बोनस से लगभग 1.5 लाख रुपए का भुगतान मिलेगा, जिससे वे संतुष्ट हैं।

#### कृषकों से किया संवाद, चाय पर चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने उपार्जन केंद्र पर सर्वविष्णु पाटीदार, प्रवीण पाटीदार, कपूरचंद पाटीदार, अजय पाटीदार, हरिश्चंद्र पाटीदार और सुरेश यादव से गेहूं की तौल, गुणवत्ता और उपार्जन व्यवस्थाओं के सबंध मे चर्चा की। कृषकों ने बताया कि बाजार भाव कम होने के कारण सरकार द्वारा बोनस सहित समर्थन मूल्य पर 2625 रुपए मे गेहूं खरीद कर किसानों को बड़ी राहत दी जा रही है। किसानों को भुगतान भी दो-तीन दिवस में प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने चाय पर चर्चा के दौरान कृषक सर्वश्री भागीरथ मालवीय एवं सुरेश यादव से खेती के साथ-साथ पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन से प्राप्त आय के बारे में भी विस्तृत चर्चा की।

## महिला से प्लांट के नाम पर 42 लाख हड़प लिए, केस दर्ज

इंदौर। पंढरीनाथ पुलिस ने महिला की शिकायत पर दो कॉलोनाइजरों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी दीपिका कुसुमाकर की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी अमित पिता राकेश शर्मा 33 साल निवासी छतरी बाग और सुमित पिता मुकेश निवासी विदुर नगर के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक अनवर सैयद के मुताबिक फरियादी दीपिका को 9 अक्टूबर 2025 को दोनों आरोपियों ने छतरी बाग राजस्व ग्राम का एक प्लांट के फर्जी दस्तावेज के जरिए 41 लाख 80 हजार रुपए ले लिए।

## मंत्री डॉ. विजय शाह ने अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

खण्डवा। प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बुधवार को खंडवा रेलवे स्टेशन से बनारस-पुणे हडपसर अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। खंडवा रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। इस अवसर पर मांधाता के विधायक नारायण पटेल, पंधाना की विधायक



छाया मोरे, खंडवा की महापौर अमृता अमर यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेडे, जिला भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा रेलवे के अधिकारी भी मौजूद थे।

## कॉलेज चलो अभियान का दूसरा चरण प्रारंभ

# विद्यार्थियों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन और टोल फ्री नंबर जारी

खण्डवा। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में विद्यार्थियों को महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए प्रेरित करने के लिए कॉलेज चलो अभियान का दूसरा चरण चलाया जा रहा है।

#### विभाग द्वारा इस संबंध में दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिकतम पात्र विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ना तथा प्रवेश प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं छात्र हितैषी बनाना है। विभाग द्वारा जारी किए गए निर्देश अनुसार सभी महाविद्यालयों में प्रवेश सहायता केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। कक्षा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों से संपर्क कर उनका पंजीयन सुनिश्चित किया जाएगा।

#### ड्रॉप-आउट विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें पुनः शिक्षा से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे।

इसके साथ ही विकासखंड स्तर पर प्रवेश मेले आयोजित किए जाएंगे तथा ePravesh ऐप व पोर्टल के माध्यम से पंजीयन को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही, छात्राओं एवं कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

विभाग की यह पहल अधिकाधिक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

#### जिला स्तर पर अब हर विद्यार्थी तक पहुंचेगी प्रवेश सुविधा

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए महाविद्यालयीन प्रवेश प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं छात्र हितैषी बनाने के लिए जिला स्तरीय प्रवेश नोडल अधिकारियों को समन्वय संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों के तहत विद्यार्थियों को प्रत्येक चरण में समयबद्ध मार्गदर्शन, तकनीकी सहायता एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही महाविद्यालयों के बीच बेहतर समन्वय से प्रवेश प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए हेल्प सेंटर , जागरूकता अभियान एवं सतत मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। इससे अधिकाधिक छात्र-छात्राओं के उच्च शिक्षा से जुड़ सकेंगे।

#### विभाग ने जारी किए हेल्प लाइन एवं हेल्प डेस्क के नम्बर

प्रवेश प्रक्रिया के दौरान छात्रों की समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से करने के लिए विभाग ने हेल्पलाइन व्यवस्था बनाई है। 24×7 घंटे हेल्पडेस्क का संचालन किया जाएगा। साथ ही ई प्रवेश संबंधित जानकारी के लिए विभाग ने हेल्पलाइन नंबर 8000063632 और टोल-फ्री नंबर 18008908399 जारी किए हैं।

## बीच बचाव करने गए युवक की चाकू मार कर हत्या, आरोपी गिरफ्तार



इंदौर। हीरानगर थाना क्षेत्र में मामूली विवाद के चलते बी बचाव करने गए युवक की चाकू मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और दूसरे की तलाश की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का नाम मनीष सुनहरे 23 साल निवासी रविदास नगर है। वह डेकोरेशन का काम करता था। बताया जाता है कि बुधवार रात वह अपने नाबालिग दोस्त के साथ घर से कुछ दूरी पर पाउच लेने गया था। जहां कुछ युवक आपस में झगड़ा कर रहे थे। मनीष ने बी बचाव करने का प्रयास किया इसी दौरान आरोपियों ने उसे पर चाकू से हमला कर दिया और फरार हो गए। गंभीर हालत में उसे परिजन तत्काल बड़े अस्पताल लेकर पहुंचे जहां आज सुबह 4 बजे उसकी मौत हो गई।

#### मनीष परिवार का सहारा था

परिजनों के मुताबिक मनीष के पिता का पहले ही निधन हो चुका है। परिवार में उसकी मां और एक भाई है जो टेंट हाउस में काम करता है। मनीष भी डेकोरेशन का काम कर परिवार का सहारा बना हुआ था।

हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल के मुताबिक मुख्य आरोपीय कृष्ण ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। इसके खिलाफ हत्या के प्रयास मारपीट हफ्ता वसूली आदि के कई गंभीर अपराध पहले से ही दर्ज है। वह नशे का आदी है।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने डीजे संचालकों के साथ की बैठक

झाबुआ। कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह ने बुधवार को जिले के डीजे संचालकों के साथ बैठक आयोजित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना।

बैठक में जिले के विभिन्न डीजे संचालकों द्वारा अपने रोजगार की निर्भरता को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित समय-सीमा एवं कम डेसीबल स्तर पर डीजे संचालन की अनुमति प्रदान किए जाने की मांग रखी गई।

कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने कहा कि वर्तमान में डीजे संचालन पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय की गाइडलाइन एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रतिबंध लागू है। उन्होंने कहा कि डीजे संचालकों की मांगों एवं समस्याओं को सुनने के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गई है। साथ ही, डीजे संचालन से प्रभावित एवं आपत्ति जताने वाले वर्ग की भी बैठक आयोजित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना जाएगा। दोनों पक्षों की बातों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर संतुलित एवं व्यवहारिक समाधान के प्रयास किए जाएंगे।



पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह ने कहा कि वर्तमान में डीजे संचालन पर लागू प्रतिबंध का पूर्णत: पालन किया जाना आवश्यक है तथा किसी भी प्रकार का उल्लंघन नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि डीजे संचालकों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनने एवं समाधान के लिए यह संवाद आयोजित किया गया है। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों द्वारा जनसंवाद एवं चर्चाओं का आयोजन किया जाएगा।

## रेप के फरार 5 हजार के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

इंदौर। शादी का झांसा देकर एक युवती से दुष्कर्म कर फरार हुए आरोपी को पुलिस तुकोगंज ने लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित था। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राम स्नेही मिश्रा के मुताबिक पिछले दिनों 21 वर्षीय सिमरन बदला हुआ नाम ने तुकोगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि इंडियन बैंक तुकागंज में कार्यरत कर्मचारी के आम गोलानी से उसकी सोशल मीडिया पर दोस्ती हुई थी। पीड़िता के मुताबिक यहां दोस्ती प्यार में बदल गई। आरोपी गोलानी ने शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाएं। पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने इनकार कर दिया और धमकी देकर भाग गया।

## शादी का झांसा देकर किया रेप, केस दर्ज

इंदौर। पलासिया थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दोस्त के खिलाफ रेप सहित अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 वर्षीय पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी सोहेल पिता रहीस खान 25 साल निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## बाइक की टक्कर से एक्टिवा सवार महिला की मौत

इंदौर। कनाडिया थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार में दौड़ रही बाइक ने एक्टिवा को टक्कर मार दी जिसमें महिला की मौत हो गई और उसका भाई एवं 10 साल की बेटी घायल हो गई। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना खुड़ैल थाना अंतर्गत सनावधिया गांव निवासी छगनबाई पति संजय यादव अपने भाई संजू और 10 वर्षीय बेटी गुड्डी के साथ एक्टिवा से देवास में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थी। इसी दौरान कनाडिया क्षेत्र में विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी।

# आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 22 जून

खण्डवा। मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा संचालित कैलीग्राफी एवं ग्राफिक डिजाइन सेंटर में सत्र 2026-28 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रवेश के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 22 जून 2026 निर्धारित की गई है। इस दो वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रथम वर्ष कैलीग्राफी और द्वितीय वर्ष ग्राफिक डिजाइन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अकादमी से निर्धारित आवेदन पत्र प्राप्त कर कार्यालय समय में जमा कर सकते हैं। सीटें सीमित होने के कारण अंतिम तिथि के पूर्व ही आवेदन प्रक्रिया पूर्ण हो सकती है। प्रवेश के लिए इच्छुक उम्मीदवार की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण या उसके समकक्ष होना आवश्यक है। साथ ही उर्दू भाषा का ज्ञान और आयु 15 से 35 वर्ष के मध्य होना चाहिए। आवेदन के साथ आवश्यक प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड संलग्न करना अनिवार्य रहेगा।

## जल गंगा संवर्धन अभियान बना जन-आंदोलन

# खंडवा और खरगोन जिले चल रहे हैं आगे

खण्डवा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश में जन-आंदोलन का रूप ले रहा है। अभियान के तहत जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। हजारों खेत तालाब, कूप-रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण और पुरानी जल संरचनाएं पुनर्जीवित की जा रही हैं। जनभागीदारी और नवाचार से अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान में अब तक 39 हजार 977 खेत तालाबों का निर्माण, 59 हजार 577 कूप-रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण तथा 21 हजार 950 से अधिक पूर्व निर्मित जल संरचनाओं को पुनर्जीवित किया जा चुका है।

#### खंडवा और खरगोन जिले हैं अग्रणी

इस अभियान के क्रियान्वयन में खंडवा, खरगोन, डिंडोरी, राजगढ़ और बालाघाट जिले अग्रणी हैं। नगरीय निकायों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, नाले-नालों की सफाई और सौंदर्यीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत बैतूल, अशोकनगर, बालाघाट, डिंडोरी और नरसिंहपुर जिले शीर्ष स्थान पर हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 19 मार्च गुड़ी पड़वा को जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया था, जो 30 जून तक जारी रहेगा। विभिन्न जिलों में इस अभियान में कई नवाचार हो रहे हैं, यह एक व्यापक जन-आंदोलन का रूप ले रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया है कि वे जल संरक्षण के इस महत्वपूर्ण अभियान से जुड़ें।

आयुक्त, मनरेगा अवि प्रसाद ने बताया कि अभियान के लिए लगभग 6 हजार 278 करोड़ रुपये का वित्तीय लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विभाग के अंतर्गत 6 हजार 236 करोड़ रुपये की लागत से 2 लाख 44 हजार कार्यों का क्रियान्वयन जारी है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल गुणवत्ता परीक्षण, पाइप लाइनों और नलों के लीकेज सुधार जैसे कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। जन अभियान परिषद से जुड़ी संस्थाएं प्रभात फेरियों, रैलियों, जल संगोष्ठियों, दीवार लेखन और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से ग्राम स्तर पर जन-जागरूकता बढ़ा रही हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान को जन-आंदोलन बनाने के लिए ग्राम और वार्ड स्तर पर कुओं, बावड़ियों, तालाबों और नहरों की सामूहिक सफाई, पौधरोपण, घाटों की सफाई और जल संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों में सामूहिक श्रमदान को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन गतिविधियों में पंचायत एवं नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, महिला स्व-सहायता समूहों, व्यापारी संगठनों सहित विभिन्न संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

जल संरक्षण केवल पर्यावरण संरक्षण का विषय नहीं, बल्कि यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प है। राज्य सरकार इस दिशा में ठोस और परिणामोन्मुखी प्रयास कर रही है, जिससे प्रदेश में जल संसाधनों का संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित होगा।

## जनगणना-2027 के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित

# लू एवं गर्मी से बचाव हेतु फील्ड कर्मचारियों को आवश्यक सावधानी बरतने के निर्देश

### समयबद्ध एवं त्रुटिरहित जनगणना कार्य सुनिश्चित करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

झाबुआ। जनगणना-2027 के संबंध में जनगणना निदेशालय द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। बैठक में 1 मई से प्रारंभ होने वाली डोर-टू-डोर जनगणना गतिविधियों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए। प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा एवं समय-सीमा निर्धारित करते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक में बताया गया कि प्रारंभिक तीन दिनों में प्रगणकों द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर रफ लेआउट तैयार किया जाएगा तथा लेखन संबंधी कार्य संपादित किए जाएंगे। इसके साथ ही कार्य की चरणबद्ध प्रगति हेतु लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। 5 मई तक 10 प्रतिशत, 10 मई तक 40 प्रतिशत, 15 मई तक 70 प्रतिशत तथा 20 मई तक 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। वहीं 20 मई से 30 मई तक मॉप-अप राउंड संबंधी कार्य संपादित किए जाएंगे। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए फील्ड विजिट सुबह अथवा शाम के समय करने तथा कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए हुक्र की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

वीसी के उपरांत कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने कहा कि जनगणना भारत सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्य है तथा इसके सफल संचालन में सभी विभागों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जनगणना के माध्यम से प्राप्त आंकड़े शासन की विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों एवं नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए इस कार्य को पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित किया जाए।




#### गर्मी को देखते हुए निर्देश दिए

कलेक्टर ने गर्मी के प्रभाव को देखते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में पेयजल, हुक्र एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रखने के लिए कहा तथा फील्ड विजिट सुबह एवं शाम के समय करने के निर्देश दिए, ताकि कर्मचारियों को लू एवं अत्यधिक तापमान से सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि जनगणना कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश पर आवश्यकतानुसार प्रतिबंध लगाया जाए, जिससे कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण हो सके। साथ ही जिला एवं ब्लॉक स्तरीय कंट्रोल रूम सक्रिय रूप से संचालित कर उनकी जानकारी व्यापक स्तर पर प्रसारित करने के निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर ने बताया कि जिले के 835 ग्रामों को 280 ब्लॉकों में विभाजित कर 2000 से अधिक प्रगणकों एवं 339 पर्यवेक्षकों के माध्यम से जनगणना कार्य संचालित किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रगणक निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित जानकारी संकलित करें तथा प्रत्येक परिवार तक पहुंच सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चार्ज अधिकारी नियमित रूप से फील्ड का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की समीक्षा करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने समस्त ग्रामीण एवं नगरीय निकायों, सामाजिक संगठनों, ग्राम समितियों, मोहल्ला समितियों एवं आम नागरिकों से अपील की कि वे जनगणना कार्य में प्रगणकों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें तथा सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य को सफल बनाने में सहभागिता निभाएं।

वीडियो कॉन्फ्रेंस में अपर कलेक्टर सी.एस. सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर रीतिका पाटीदार, डिप्टी कलेक्टर महेश बड़ोले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## फटाफट खबरें

### चंबा-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क धंसी

**शिमला,(ईएमएस)।** हिमाचल प्रदेश में चंबा-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार सुबह खतरनाक स्थिति बन गई, जब सड़क का एक हिस्सा अचानक धंसकर रावी नदी की ओर खिसकने लगा। यह घटना चनू की हट्टी के पास हुई, जिससे सुबह करीब 8 बजे से यातायात पूरी तरह ठप हुआ है। बताया जा रहा है कि एनएच प्राधिकरण द्वारा सड़क को मजबूत करने के लिए नीचे की ओर डंगा (रिटेनिंग वॉल) बनाने का कार्य चल रहा था। तभी ऊपर की मुख्य सड़क में दरार आ गई और वह हिस्सा धीरे-धीरे धंसने लगा। गनीमत रही कि उस समय वहां से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

### किसी भी पारा शिक्षक की नौकरी नहीं जाएगी

**रांची (ईएमएस)।** झारखंड में पारा शिक्षकों के लिए राहत भरी खबर आई है। राज्य की सोरेन सरकार के मंत्रियों ने स्पष्ट आश्वासन दिया है कि किसी भी पारा शिक्षक की नौकरी नहीं जाएगी और वे 60 वर्ष की आयु तक सुरक्षित रूप से अपनी सेवा जारी रख सकते है। यह भरोसा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने पारा शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई बैठक में दिया। रांची में मंत्री कुमार के धुर्वा स्थित आवास पर करीब एक घंटे चली बैठक में पारा शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, भविष्य और मानवीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि करीब 45 हजार पारा शिक्षक बिना किसी चिंता के अपना कार्य जारी रखें।

### गोलीबारी पर पुतिन-ट्रंप की बात

**मॉस्को,(ईएमएस)।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 90 मिनट से ज्यादा समय तक फोन पर बात की। यह बातचीत बुधवार को हुई थी। क्रेमलिन ने ट्रंप के साथ पुतिन की बातचीत को मैत्रीपूर्ण और व्यावसायिक बताया है। उसने कहा कि इस दौरान ईरान युद्ध, यूक्रेन संघर्ष और व्हाइट हाउस से जुड़े एक कार्यक्रम में हाल ही में हुई गोलीबारी समेत कई वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई। रूसी राष्ट्रपति के सहायक यूरी उशाकोव ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रंप के अनुरोध पर, पुतिन ने संपर्क रेखा पर मौजूदा स्थिति की जानकारी दी, जहां हमारी सेनाएं रणनीतिक बढ़त हासिल कर रही हैं।

### तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**नई दिल्ली,(ईएमएस)।** दिल्ली के द्वारका इलाके में एक कृत्रिम तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। यह घटना सेक्टर 24 में हुई, जहां दिल्ली विकास प्राधिकरण की जमीन पर एक गोल्फ कोर्स बनाया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक द्वारका के सेक्टर 23 पुलिस स्टेशन में सुबह करीब बजे एक पीसीआर कॉल आई, जिसमें गोल्फ कोर्स परिसर के अंदर स्थित एक तालाब में तीन बच्चों के डूबने की सूचना मिली। एसएचओ पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने 8 से 10 साल की उम्र के तीन बच्चों को तालाब में डूबा हुआ पाया। दमकल विभाग की मदद से तीनों को पानी से बाहर निकाला गया।

## ईरानी हैकर्स ने लीक किया अमेरिकी डेटा, ट्रंप की बढ़ी मुश्किलें

# साइबर युद्ध की आग में अमेरिका और ईरान

● **वॉशिंगटन/तेहरान, ईएमएस**

अमेरिका और ईरान के बीच जारी सैन्य तनाव अब एक ऐसे खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है, जहां युद्ध केवल जमीन, आसमान और समंदर तक सीमित नहीं रहा। मिसाइलों और किलर ड्रोन्स के बीच अब मिडिल ईस्ट में भीषण 'साइबर वॉर' छिड़ गई है। ईरानी हैकर्स ने एक ऐसा बड़ा हमला किया है जिसने वॉशिंगटन के रणनीतिक हलकों में खलबली मचा दी है। दावों के मुताबिक, तेहरान से जुड़े एक हैकर ग्रुप ने अमेरिकी नौसेना (यूएस नेवी) के बेहद संवेदनशील डेटा में सेंध लगा दी है।

इस साइबर हमले में पश्चिम एशिया में तैनात करीब 2,000 से अधिक अमेरिकी नौसैनिकों की निजी जानकारी लीक कर दी गई है। 'हंडाला' नाम के एक हैकर ग्रुप ने टेलीग्राम पर यह डेटा साझा किया है। मामला तब और गंभीर हो गया जब सैनिकों को व्हाट्सएप के जरिए सीधे धमकी भरे संदेश मिलने लगे। इन संदेशों में दावा किया गया है कि हैकर्स के पास न केवल सैनिकों का डेली रूटीन है, बल्कि उनके परिवारों और घर के पतों की भी सटीक जानकारी है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस डिजिटल हमले का मुख्य उद्देश्य अमेरिकी सैनिकों का मनोबल तोड़ना और उनकी सुरक्षा व्यवस्था को दुनिया के सामने मजाक बनाना है। पेंटागन के अधिकारी इस ब्रीच की जांच में जुटे हैं और शुरुआती पड़ताल में लीक हुआ कुछ डेटा सही पाया गया है। वहीं दूसरी ओर, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के बीच जुबानी जंग भी तेज हो गई है। ट्रंप ने हाल ही में दावा किया कि ईरान बर्बादी की कगार पर है और ईरानी अधिकारी समुद्री मार्ग 'होर्मुज' को खोलने के लिए उनके सामने गिड़गिड़ा रहे हैं। हालांकि, साइबर हमले और जमीनी हकीकत ट्रंप के इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। ट्रंप ने अपने ताजा बयान में आक्रामक रुख अपनाते हुए कहा है कि वे अब 'और अच्छे आदमी' बनकर नहीं रह सकते। वे ईरान पर नए परमाणु समझौते के लिए लगातार दबाव बना रहे हैं, लेकिन ईरान झुकने को तैयार नहीं है। समंदर के मोर्चे पर भी हालात बदतर होते जा रहे हैं। अमेरिका ने ईरान के तेल निर्यात को पूरी तरह ठप करने के लिए सख्त नौसैनिक नाकेबंदी कर दी है। इसके जवाब में ईरान ने साफ कर दिया है कि जब तक प्रतिबंध नहीं हटते, होर्मुज जलडमरूमध्य का रास्ता नहीं खुलेगा।



## ईरान से वार्ता के लिए पाक जाने की जरूरत नहीं



**बोले डोनाल्ड ट्रंप- फोन पर हो रही बात**

**वॉशिंगटन,(ईएमएस)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ जारी कूटनीतिक तनाव के बीच एक बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष को सुलझाने के लिए कोई भी अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान नहीं जाएगा। ओवल ऑफिस में पत्रकारों से चर्चा के दौरान ट्रंप ने तंज कसते हुए कहा कि उनकी टीम महज 'एक कागज का टुकड़ा' देखने के लिए 18 घंटे की लंबी उड़ान भरकर पाकिस्तान जाने का इरादा नहीं रखती है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने लंबी हवाई यात्रा और उसके सीमित परिणामों पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि किसी ऐसी बैठक के लिए 18 घंटे का सफर तय करना पूरी तरह से हास्यास्पद है, जिसका विषय और नतीजा आपको पहले से पता हो।

## चाबहार प्रोजेक्ट पर जंग का कोई असर नहीं

**ईरानी राजदूत ने कहा- 90 प्रतिशत काम पूरा**

**नई दिल्ली,(ईएमएस)।** भारतीय जहाजों को पूरी सुरक्षा और लचीलापन प्रदान किया जा रहा है। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चाबहार प्रोजेक्ट पर उन्होंने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद यह काम कभी नहीं रुका। चाबहार-जाहेदान रेलवे का काम 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है और जून के मध्य तक रेल बिछाने का कार्य संपन्न हो जाएगा। साथ ही, अगस्त-सितंबर 2026 तक वहां अस्पताल और होटलों जैसी सुविधाएं भी तैयार हो जाएंगी।

ईरान और अमेरिका के बीच गहराते सैन्य और कूटनीतिक तनाव के बीच भारत में ईरान के राजदूत डॉ. मोहम्मद फतहाली ने तेहरान का रुख स्पष्ट कर दिया है। एक विशेष बातचीत के दौरान राजदूत ने साफ कहा कि ईरान किसी भी दबाव के आगे घुटने नहीं टेकेगा और वह एक लंबी लड़ाई के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने अमेरिकी दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि ईरान के ढहने की बातें केवल प्रोपेगैंडा हैं और हकीकत इससे कोसों दूर है। राजदूत फतहाली ने स्पष्ट किया कि ईरान अमेरिका के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन उसकी प्राथमिकता स्थायी और टिकाऊ शांति है। उन्होंने कहा कि हम युद्ध और सीजफायर के अंतहीन चक्र में नहीं फंसना चाहते। ईरान की शर्तें बेहद स्पष्ट हैं- एनपीटी के तहत शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा का अधिकार और ईरान पर लगे अन्यायपूर्ण और अमानवीय प्रतिबंधों को पूरी तरह खत्म करना। उन्होंने कहा कि पिछले 47 वर्षों से अमेरिका ने ईरान की संपत्ति फ्रीज कर और दवाओं तक पर रोक लगाकर ईरानी जनता के साथ अन्याय किया है, लेकिन देश की राष्ट्रीय गरिमा पर कोई समझौता नहीं होगा।क्षेत्रीय सुरक्षा और व्यापार के मुद्दे पर राजदूत ने भारत के लिए सकारात्मक संकेत दिए। उन्होंने कहा कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री यातायात अंतरराष्ट्रीय नियमों के अधीन है। जिन देशों ने ईरान पर हमलों में हिस्सा नहीं लिया, खासकर भारत जैसे मित्र देश, उनके जहाजों के लिए कोई रोक नहीं है।

## ईरान ने दी नौसैनिक बेड़े को 'जलाने' की धमकी

**ट्रंप के शांति प्रस्ताव ठुकराने के बाद ईरानी तेवर बदले**



अमेरिका और ईरान के बीच गहराता तनाव अब एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गया है जहां कूटनीति के दरवाजे लगभग बंद नजर आ रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान द्वारा भेजे गए नवीनतम शांति प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया है। ट्रंप का रुख स्पष्ट है–जब तक तेहरान परमाणु समझौते की कड़ी शर्तों को नहीं मानता, तब तक होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी जारी रहेगी। ट्रंप ने इस आर्थिक और सैन्य घेराबंदी को पारंपरिक बमबारी से कहीं अधिक प्रभावी बताते हुए कहा कि इससे ईरान पर दबाव और बढ़ेगा, क्योंकि वह वर्तमान में काफी 'कमजोर स्थिति' में है।

दूसरी ओर, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने इस नाकेबंदी के जवाब में अत्यंत आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है। आईआरजीसी ने अमेरिका को खुली चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि कोई भी नई सैन्य कार्रवाई की गई, तो अमेरिकी नौसेना के जहाजों को समुद्र में 'जलाकर खाक' कर दिया जाएगा। ईरान ने संकेत दिया है कि वह इस युद्ध में अकेला नहीं होगा, बल्कि उसका पूरा 'रेजिस्टेंस फ्रंट' (पश्चिम एशिया में सक्रिय ईरान समर्थित समूह) एक साथ हमला करेगा। यह स्थिति पूरे क्षेत्र को एक बहु-मोर्चा युद्ध की ओर धकेल सकती है, जिसमें ईरान 'सरप्राइज' हमलों और नई सैन्य तकनीकों के इस्तेमाल का दावा कर रहा है।



जर्मनी के म्यूनिख में अवशेषों की जांच करती हुई एक अनुसंधानकर्ता। ये अवशेष जिस महिला के है माना जाता है कि उसे 510 एडी या 560 में दफनाया गया होगा।

## केजरीवाल के शीशमहल-2 की तस्वीरें आई सामने, भाजपा के आरोपों को किया खारिज

**नई दिल्ली(ईएमएस)।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल हाल ही में अपने नए सरकारी आवास में शिफ्ट हुए हैं। उनके इस नए पते को लेकर राजनीतिक गलियारों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। जहां एक ओर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केजरीवाल के इस नए बंगले को 'शीशमहल-2' करार देते हुए इसकी साज-सज्जा पर भारी खर्च के आरोप लगाए हैं, वहीं दूसरी ओर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती ने केजरीवाल के साथ उनके आवास के भीतर की एक नई तस्वीर साझा कर इन दावों पर पलटवार किया है।

सोमनाथ भारती द्वारा सोशल मीडिया पर साझा की गई इस तस्वीर में केजरीवाल एक बेहद सामान्य कमरे में बैठे नजर आ रहे हैं। तस्वीर में दोनों नेता एक सोफे के पास खड़े हैं और सामने एक छोटी स्टूल पर डायरी व पेन रखा हुआ है। भारती ने इस तस्वीर के साथ लिखा कि वह अपने नेता की इस बात के प्रशंसक हैं कि वे हर विचार को तुरंत नोट करते हैं और उस पर काम शुरू कर देते हैं। उन्होंने एक दिलचस्प टिप्पणी करते हुए यह भी कहा कि केजरीवाल को आवंटित होने वाला हर नया घर प्रधानमंत्री आवास के और करीब होता जा रहा है, जो भविष्य के राजनीतिक संकेतों की ओर इशारा करता है। आम आदमी पार्टी ने इन आरोपों का कड़ा खंडन किया है। पार्टी की मुख्य प्रवक्ता ने भाजपा द्वारा दिखाई गई तस्वीरों को इंटरनेट से डाउनलोड की गई फर्जी तस्वीरें बताया है। 'आप' ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा झूठ और भ्रम फैलाकर जनता को गुमराह कर रही है। सोमनाथ भारती द्वारा साझा की गई नई तस्वीर को पार्टी ने यह दिखाने के प्रयास के तौर पर पेश किया है कि केजरीवाल का जीवन और आवास साधारण है। फिलहाल, इस नए आवास को लेकर दिल्ली की राजनीति में जुबानी जंग तेज हो गई है। केजरीवाल अब 95, लोधी एस्टेट स्थित टाइप-7 सरकारी बंगले में रह रहे हैं, जो उन्हें एक राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष होने के नाते केंद्र सरकार द्वारा आवंटित किया गया है। भाजपा ने इस बंगले की विलासिता को लेकर हमला बोला है। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि इस घर में सुविधाओं के लिए निजी धन खर्च किया गया है।

## आज से शहर में ड्रोन उड़ाना और खरीदना बैन

**बीजिंग,(ईएमएस)।** चीन की राजधानी बीजिंग में अब ड्रोन न तो उड़ा सकेंगे और न ही खरीद सकेंगे। शहर प्रशासन ने बड़ा फैसला लेते हुए 1 मई से पूरे बीजिंग में ड्रोन की बिक्री और उड़ान पर पूरी तरह रोक लगाने का ऐलान किया है। मार्च के आखिर में पारित नए नियमों के तहत अब शहर की सीमा के अंदर न तो ड्रोन बेचे जा सकेंगे और न ही बिना अनुमति उड़ाए जा सकेंगे। इससे पहले भी बीजिंग में ड्रोन उड़ाने पर कड़े प्रतिबंध लागू थे, लेकिन अब इसे और सख्त कर दिया गया है। इस फैसले का असर बाजार में दिखने भी लगा है। चीन के बड़े ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अगर कोई यूजर बीजिंग का पता डालकर ड्रोन खरीदने की कोशिश करता है, तो वह ऑर्डर पूरा ही नहीं कर पाएगा। वहीं,

**वियतनाम के राष्ट्रपति लाम आ रहे भारत, ब्रह्मोस मिसाइल हो सकती है डील**

## राष्ट्रपति-पीएम मोदी से क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर करेंगे व्यापक चर्चा

**नई दिल्ली,(ईएमएस)।** वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम 5 से 7 मई के बीच भारत आ रहे हैं। वियतनाम के राष्ट्रपति की भारत यात्रा का असली मकसद सैन्य साझेदारी बढ़ाना है। उनकी इस यात्रा पर भारत और वियतनाम के बीच 5,800 करोड़ की ब्रह्मोस मिसाइल डील हो सकती है। बता दें रूस और वियतनाम की दोस्ती बहुत गहरी है। दोनों देशों के बीच संबंधों को 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' का दर्जा हासिल है।

वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के महासचिव लाम के साथ एक हाई लेवल प्रतिनिधिमंडल भी होगा, जिसमें वियतनाम सरकार के कई मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। राष्ट्रपति के साथ एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी आएगा। अप्रैल में वियतनाम के राष्ट्रपति चुने



जाने के बाद लाम की भारत की यह पहली राजकीय यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक 6 मई को राष्ट्रपति भवन में लाम का औपचारिक स्वागत किया जाएगा। पीएम मोदी, राष्ट्रपति तो लाम के साथ द्विपक्षीय संबंधों के अलग-अलग पहलुओं के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी व्यापक चर्चा करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लाम से मुलाकात करेंगी। उम्मीद है कि भारत के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी लाम से मिलेंगे।

## पुरी जगन्नाथ मंदिर में लागू होगा सख्त ड्रेस कोड

**जींस-पैंट पहनकर महिलाओं के प्रवेश पर लग सकती है रोक**



**पुरी(ईएमएस)।** दक्षिण भारत के प्रसिद्ध मंदिरों की तर्ज पर अब ओडिशा के विश्वप्रसिद्ध 12वीं शताब्दी के श्री जगन्नाथ मंदिर में भी श्रद्धालुओं के लिए औपचारिक पोशाक नियम (ड्रेस कोड) लागू करने की तैयारी तेज हो गई है। ओडिशा राज्य विधि आयोग ने राज्य सरकार को सिफारिश भेजी है कि मंदिर की पवित्रता और हिंदू सांस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखने के लिए एक विशिष्ट ड्रेस कोड को कानूनी रूप दिया जाए। इस सिफारिश में विशेष रूप से महिलाओं के जींस, पैंट या शर्ट पहनकर मंदिर में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव दिया गया है।

न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ की अध्यक्षता वाली विधि समिति ने सुझाव दिया है कि श्री जगन्नाथ मंदिर अधिनियम में संशोधन कर 'पोशाक संहिता' की स्पष्ट परिभाषा जोड़ी जानी चाहिए। आयोग के अनुसार, मंदिर में प्रवेश करने वाले श्रद्धालुओं का पहनावा हिंदू संस्कृति के अनुरूप होना चाहिए। प्रस्तावित नियमों के तहत, पुरुष तीर्थयात्रियों के लिए धोती-कुर्ता, पैंट-कमीज, चूड़ीदार-पजामा या कंधे पर गमछा रखना निर्धारित किया गया है।

## हेट स्पीच से जुड़ी याचिकाएं खारिज

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अदालत संसद को कानून बनाने के लिए मजबूर नहीं कर सकती**

**नई दिल्ली,(ईएमएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच से जुड़ी याचिकाएं खारिज कर कहा कि अदालत संसद को कानून बनाने के लिए मजबूर नहीं कर सकती। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मुद्दे पर कानून बनाना विधायिका का अधिकार है। शीर्ष अदालत केवल जरूरत की ओर ध्यान दिला सकती है।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि नीति बनाना और कानून तैयार करना विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। अदालत इसमें कोई दखल नहीं दे सकती। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला उन याचिकाओं पर दिया, जिसमें केंद्र की मोदी सरकार को हेट स्पीच और अफवाह फैलाने से जुड़े कानूनों की समीक्षा कर नया कानून बनाने का निर्देश देने की मांग उठी थी। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि मौजूदा कानूनी ढांचा हेट स्पीच जैसे मामलों से निपटने के लिए सक्षम है। समस्या कानून की कमी नहीं, बल्कि उसके लागू होने में देरी या असमानता की है। सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक कई मामलों में कार्रवाई समय पर नहीं होती या एक जैसी नहीं होती। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह कहना सही नहीं है, कि इस क्षेत्र में कोई कानूनी खालीपन है। कानून मौजूद हैं और उनमें कई प्रावधान हैं, जो सार्वजनिक व्यवस्था बिगाड़ने या समुदायों के बीच तनाव फैलाने वाले व्यवहार से निपट सकते हैं। दिक्कत कानून की कमी नहीं, बल्कि उसके लागू होने के तरीके में है।

## उत्तर प्रदेश में आंधी-बारिश से 13 लोगों की मौत

**कई राज्यों में अगले दो दिन दिखेगा मौसम का बदला रुप, कहीं बारिश कही लू की चेतावनी**



**नई दिल्ली,(ईएमएस)।** देश में बीते 24 घंटे के अंदर अलग-अलग मौसम दिखाई दिए। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्यप्रदेश, राजस्थान और गुजरात में कई जगह पारा 40 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। हालांकि, आंधी और हल्की बारिश से कई इलाकों में तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक घट भी गया।

उत्तर प्रदेश में आंधी-बारिश से 13 लोगों की मौत हुई। सुल्तानपुर में सबसे ज्यादा 7 मौतें हुईं। वहीं, बिहार में 5 लोगों की मौत हुई है। पटना में आंधी से दीवार गिरने से 2 लोगों की मौत हुई। यूपी का बांदा जिला लगातार तीसरे दिन 45.8 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म रहा। राजस्थान-मध्य प्रदेश के ज्यादातर जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा। एमपी में भोपाल और सीधी सबसे ज्यादा गर्म रहे। यहां पारा 43 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा। अगले 2 दिन में शुक्रवार को पश्चिमी राजस्थान में लू चलेगी। उत्तराखंड, पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बंगाल, बिहार, झारखंड, गंगा से सटे बंगाल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट है। केरलम, तमिलनाडु, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, बंगाल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। यानी यहां भारी बारिश होगी। 2 मई को पाकिस्तान से सटे राजस्थान में धूल भरी आंधी चलेगी। लू भी चलेगी। साथ ही आंधी बारिश का भी अलर्ट है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, विदर्भ, ओडिशा, बिहार, झारखंड, बंगाल, तेलंगाना, दक्षिण कर्नाटक में आंधी बारिश का यलो अलर्ट है। सिक्किम, असम, मेघालय, अरुणाचल, नगालैंड, मणिपुर मिजोरम, त्रिपुरा, तमिलनाडु और केरलम में भारी से बहुत भारी बारिश की आशंका है।

## जमकर हुआ विरोध तो डिलीट किया मैप, खेसारी बोले- जानबूझकर किया काम

# नेपाल एयरलाइंस ने नक्शे में जम्मू-कश्मीर को पाक का हिस्सा बताया

● **नई दिल्ली/काठमांडू, ईएमएस**

नेपाल में बालेन शाह की सरकार बनने के बाद भारत विरोधी काम शुरू हो गए हैं। अब नेपाल एयरलाइंस ने तो हद ही पार कर दी। नेपाल एयरलाइंस ने एक्स पर फ्लाइट नेटवर्क का एक नक्शा जारी किया है, जिसमें पूरे जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा बताया गया है। नेपाल एयरलाइंस के इस नक्शे को जारी करने के बाद विरोध का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उसे यह मैप डिलीट करना पड़ा। भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव ने एक्स पर लिखा- कोई बता पाएगा कि क्या सोचकर नेपाल एयरलाइंस ने भारत के नक्शे में ऐसी छेड़छाड़ की और वह भी जम्मू कश्मीर को लेकर? ये मामूली बात नहीं है, जानबूझकर किया हुआ काम लगता है। इसको चिढ़ाना बोलते हैं।



एक यूजर ने लिखा- भारत ने दशकों से नेपाल की अर्थव्यवस्था को जिंदा रखा है। इसमें खुली सीमाएं, लाखों नेपालियों के लिए नौकरियां, भारतीय बंदरगाहों के जरिए व्यापार की सुविधा, ईंधन पाइपलाइनें, बिजली परियोजनाएं, आपदा राहत, बुनियादी ढांचा, स्कॉलरशिप के साथ ही सैन्य सहयोग भी है। उन्होंने लिखा, 'नेपाल एयरलाइंस इसका जवाब इस तरह देती है। एक फ्लाइट नेटवर्क का नक्शा, जिसमें पूरे जम्मू-कश्मीर क्षेत्र को पाकिस्तान का बताया गया है। यह कोई डिजाइन की पसंद नहीं हैं। यह एक राजनीतिक बयान है।

सोशल मीडिया पर नेपाल एयरलाइंस की पोस्ट के खिलाफ गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में यूजर ने नाराजगी जताई और तुरंत पोस्ट हटाने और माफी की मांग की। विरोध बढ़ता देख नेपाल एयरलाइंस ने एक्स अकाउंट से पोस्ट को डिलीट कर दिया है। हालांकि, इसने भारत का गलत नक्शा कैसे जारी कर दिया गया, इस बारे में कुछ नहीं कहा।

### नक्शा डिजायनर की भूल बताया

हालांकि, कुछ नेपाली यूजर ने इस नक्शे को गलत बताया लेकिन इसे डिजायनर की तरफ से भूल बताया। पोस्ट पर जवाब देते हुए एक अन्य यूजर ने कहा कि यह कोई राजनीतिक बयान नहीं है- पूरी संभावना है कि यह डिजाइनर की तरफ से हुई बस एक भूल है। कोई भी नेपाली यह नहीं सोचता कि जम्मू और कश्मीर भारत का हिस्सा नहीं है। नेपाली सैनिकों ने इस बात को साबित करने के लिए अपना खून बहाया हैं। उन्होंने आगे कहा कि एक नेपाली होने के नाते मैं कहूं कि आप नेपाल की भारत पर निर्भरता को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने में शायद जरूरत से ज्यादा ही आजादी ले रही हैं, जो तार्किक रूप से उस गलत नक्शे जैसा ही जिसकी आप आलोचना कर रही हैं।

## उड़ने की आशा में रिश्तों में दरार



उड़ने की आशा में कहानी एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है जहां भावनात्मक उथल-पुथल और आर्थिक दबाव परिवार को तोड़ने की कगार पर ले आते हैं।रेनुका रोशनी का सामान वापस करके उसे घर से बाहर निकाल देती है, जिससे उसका सख्त रुख साफ नजर आता है। इस बीच, मंदीरा चुपचाप इस पूरे घटनाक्रम को रिकॉर्ड कर लेती है।इसी दौरान, परिवार पर एक बड़ा संकट तब आता है जब एक फाइनेंसर तेजस की दुकान पर पहुंचकर ?30 लाख की रकम सिर्फ दो दिनों में लौटाने की मांग करता है। स्थिति और गंभीर हो जाती है क्योंकि परेश पहले ही अपनी बात दे चुके हैं, जिससे उनकी साख दांव पर लग जाती है। मदद करने के लिए सचिन आगे आता है और गारंटर बनने की पेशकश करता है। लेकिन तेजस उसके इस कदम का समर्थन करने के बजाय परिवार की प्रॉपर्टी में अपना हिस्सा मांग लेता है। गुस्से पर काबू न रखते हुए सचिन तेजस का कॉलर पकड़ लेता है, जिससे स्थिति और भी तनावपूर्ण हो जाती है, हालांकि बाकी परिवार बीच-बचाव करता है।

## राका में दीपिका की दमदार एंट्री



दीपिका पादुकोण एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार अपनी आने वाली फिल्म 'राका' को लेकर। प्रेग्नेंसी के खास दौर में भी उनका प्रोफेशनल कमिटमेंट फैंस को हैरान कर रहा है। एटली के निर्देशन में बन रही इस मेगा प्रोजेक्ट में दीपिका न सिर्फ एक अहम किरदार निभा रही हैं, बल्कि अल्लू अर्जुन के साथ जबरदस्त एक्शन और इमोशनल सीन्स से कहानी को नई ऊंचाई देने वाली हैं।फिल्म को लेकर बढ़ते बज के बीच ये साफ हो गया है कि दीपिका का रोल कहानी की रीढ़ है, जहां एक तरफ हाई-वोल्टेज एक्शन देखने को मिलेगा, वहीं दूसरी तरफ उनके किरदार की इमोशनल गहराई दर्शकों को बांधे रखेगी।

## धुरंधर का गहरा राज आया सामने



'इन-कंट्रोवर्शियल विद पूजा चौधरी' पर एक बेबाक बातचीत के दौरान, आदित्य उप्पल ने फिल्म 'धुरंधर' में 'एएसपी उमर हैदर' की भूमिका के पीछे के अपने आठ साल के कड़े संघर्ष को साझा किया। उप्पल का यह सफर वादों से ज्यादा दृढ़ता की कहानी है। 'किंगडम ऑफ ड्रीम्स' में थिएटर से शुरुआत करने के बाद, उन्हें सालों तक असफल ऑडिशन का सामना करना पड़ा, जिसके बाद परिवार के सहयोग के लिए उन्होंने विज्ञापन के क्षेत्र में कदम रखा। उप्पल ने निर्देशक आदित्य धर के नेतृत्व में एक अत्यधिक अनुशासित वातावरण का वर्णन किया। संजय दत्त के साथ काम करने को एक सुखद और अवास्तविक अनुभव बताया। 'एएसपी उमर हैदर' के किरदार को प्रामाणिक रूप से निभाने के लिए, उप्पल ने हथियारों का प्रशिक्षण लिया और अपनी बॉडी लैंग्वेज व तकनीकी बारीकियों पर काफी काम किया।

## 'जगद्धात्री'–रुद्र की मूसा के साथ गुप्त डील



'जगद्धात्री'– में ड्रामा लगातार गहराता जा रहा है, जहां जगद्धात्री और उनकी टीम तपस्या की फिशरीज की जांच कर रहे हैं। शिवाय को लगता है कि कुछ तो गड़बड़ है। माया और महेश रुद्र के बिज़नेस से प्रभावित हैं, लेकिन शिवाय अब भी सशंकित है।सच सामने लाने के लिए शिवाय, जगद्धात्री की योजना पर चलते हुए इम्पोर्टर से संपर्क करने की कोशिश करता है। कॉल के दौरान रुद्र घबरा जाता है, जिससे शक और बढ़ जाता है। यह कॉल एक महिला के साथ वीडियो कॉल में बदल जाती है, और जवाब मिलने की बजाय और ज्यादा उलझन पैदा हो जाती है।घर पर परिवार के लोग केक काटते हुए खुश नजर आते हैं, लेकिन इस सामान्य पल के पीछे तनाव बना हुआ है। रुद्र चुपचाप माया से बाकी पैसों की मांग करता है और माया उसे चेक देने के लिए मान जाती है। इसके तुरंत बाद रुद्र चोरी-छिपे मूसा को फोन करके बताता है कि पैसे तैयार हैं। मूसा साफ तौर पर कैश में पेमेंट की मांग करता है।

## डिसिप्लिन हर दिन आगे बढ़ाता है



एक्टर मनीष रायसिंघानी मानते हैं कि सफलता के बाद का दबाव, उससे पहले के संघर्ष से कहीं ज्यादा होता है। उनका कहना है कि सफलता के बाद दबाव उम्मीदों में बदल जाता है।, 'सफलता से पहले दबाव सर्वाइवल का होता है। सफलता के बाद दबाव उम्मीदों का हो जाता है, और उम्मीद एक बहुत भारी भावना है, है ना? (क्योंकि सर्वाइवल स्वाभाविक होता है और आपको भावनाओं के बोझ के साथ काम करने का मौका नहीं देता। पहले लोग उम्मीद करते थे कि आप अच्छा करेंगे, अब वे मान लेते हैं कि आप करेंगे।पर्सनल लेवल पर, ज्यादा हासिल करने की चाह और निरंतरता बनाए रखने के बीच संतुलन के लिए वह कंसिस्टेंसी को अपना डिसिप्लिन मानते हैं। वह कहते हैं, 'और एम्बिशन को अपना पागलपन। '

# बेंगलुरु सीजन में दूसरा मैच हारी



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने ढ्ढक्क्रु में गुरुवार को गुजरात टाइटंस को 156 रन का टारगेट दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। बेंगलुरु 19.2 ओवर में 155 रन पर ऑलआउट हो गई।

जवाबी पारी में गुजरात ने 15 ओवर में 6 विकेट पर 145 रन बना लिए हैं। इम्पैक्ट प्लेयर राहुल तेवतिया और राशिद खान क्रीज पर हैं। 14वें ओवर की 5वीं बॉल पर सुयश शर्मा ने जेसन होल्डर (12 रन) को कैच कराया। रोमारियो शेफर्ड ने वॉशिंगटन सुंदर (12 रन) और शाहरुख खान (8 रन) के विकेट लिए। भुवनेश्वर कुमार ने जोस बटलर (39 रन) को बोल्ड किया। उन्होंने कप्तान शुभमन गिल (43 रन) और साई सुदर्शन (6 रन) को कैच कराया। भुवनेश्वर ने टी-20 क्रिकेट में 350 विकेट पूरे कर लिए। मैच का स्कोरबोर्ड टॉस हारकर बैटिंग कर रही बेंगलुरु की ओर से कोई बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका। बेंगलुरु के देवदत्त पडिक्कल ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। विराट कोहली 28 और कप्तान रजत पाटीदार 19 रन बनाकर आउट हुए। अरशद खान ने 3 विकेट झटके। जेसन होल्डर और राशिद खान को 2-2 विकेट मिले। सिराज-रबाडा को एक-एक विकेट मिला। एक बैटर रनआउट हुआ।

# छत्तीसगढ़ क्रिकेट को मिला नया गुरु

## मध्य प्रदेश के अमय खुरासिया बने टीम के नए हेड कोच



इंदौर । छत्तीसगढ़ की क्रिकेट प्रतिभाओं को अब अंतरराष्ट्रीय स्तर का मार्गदर्शन मिलने जा रहा है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अमय खुरासिया को छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है।संघ और खुरासिया के बीच राज्य में क्रिकेट विकास को लेकर हुई सकारात्मक चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया। अमय खुरासिया मूल रूप से जबलपुर के रहने वाले हैं। खास बात यह है कि उनके मार्गदर्शन में केरल क्रिकेट टीम ने रणजी ट्रॉफी के 74 साल के इतिहास में पहली बार फाइनल तक का सफर तय किया था। ऐसे में उनके अनुभव से छत्तीसगढ़ क्रिकेट को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।अंतरराष्ट्रीय करियर की बात करें तो खुरासिया 1999 क्रिकेट विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने 1999 से 2001 के बीच 12 वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। इसके अलावा 1989 से 2006 के बीच 119 प्रथम श्रेणी मैचों का अनुभव भी उनके पास है।

### 23 साल का कोचिंग अनुभव

कोचिंग करियर में भी खुरासिया का रिकॉर्ड प्रभावशाली रहा है। उन्होंने बीसीसीआई की लेवल-सी कोचिंग डिग्री प्राप्त की है और पिछले 23 वर्षों से प्रशिक्षक के रूप में कार्य कर रहे हैं।करीब 10 वर्षों तक मध्यप्रदेश क्रिकेट संगठन के मुख्य कोच रहते हुए उन्होंने कई युवा खिलाड़ियों को तैयार किया, जिनमें रजत पाटीदार, वेंकटेश अय्यर और आवेश खान जैसे नाम शामिल हैं, जो आज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी पहचान बना चुके हैं।

### वर्ल्ड टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप

# जोशीले भारतीय पुरुषों ने स्लोवाकिया को हराया



**लंदन**-ITTF वर्ल्ड टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप में ग्रुप 7 के एक रोमांचक मुकाबले में भारतीय पुरुषों ने ज़ोरदार वापसी करते हुए स्लोवाकिया को 3-2 से हरा दिया। इस जीत के साथ, भारत ग्रुप स्टैंडिंग में शीर्ष पर पहुँच गया और ग्वाटेमाला के खिलाफ अपने अगले मुकाबले से पहले अपनी स्थिति मज़बूत कर ली।मुकाबला उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन अंत में भारत ने दबाव में भी धैर्य और दृढ़ता दिखाते हुए जीत हासिल कर ली। स्लोवाकिया ने मुकाबले की शुरुआत में ही बढ़त बना ली, जब 149वीं रैंक वाले लुबोमीर पिस्टेज ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए 51वीं रैंक वाले मानुष शाह को पाँच गेम के शुरुआती मुकाबले में 11-8, 5-11, 8-11, 11-5, 11-6 से मात दी और अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी।भारत ने तुरंत जवाब दिया, और 42वीं रैंक वाले अपने शीर्ष खिलाड़ी मानव ठक्कर के ज़रिए वापसी की। मानव ने शांत और नियंत्रित प्रदर्शन करते हुए याकूब ज़ेलिंका को सीधे गेम में 11-6, 11-8, 11-6 से हराया और मुकाबले को 1-1 से बराबर कर दिया। हालाँकि, तीसरे मुकाबले में स्लोवाकिया ने फिर से बढ़त बना ली, जब रक्षात्मक खिलाड़ी वांग यांग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरमीत देसाई को 16-14, 11-5, 11-9 से हरा दिया। गति में तेज़ी से बदलाव और सटीक जवाबी हमलों का मिश्रण करते हुए, वांग ने हरमीत की लय बिगाड़ दी

# कराटे चैंपियनशिप मे खिलाड़ी दिखायेंगे दम

इंदौर। एमपीएसकेए मध्य प्रदेश स्टेट सब जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराटे चैंपियनशिप 2026 का आयोजन दिनांक 1, 2 एवं 3 मई 2026 को आईपीएस स्कूल, इंदौर (मध्य प्रदेश) में किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में वॉरियर जर्नी डोजों (डब्ल्यूजेकेएफआई) के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो महू एवं इंदौर शाखा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में सागर लांडेगे, रचित खोट, अद्विका माहेश्वरी, आध्या चांडक, आर्या सोनी, एजरील अनायशा भान एवं धानी सिंह शामिल हैं। इन सभी खिलाड़ियों ने ट्रेनर करण साहू, कोच जसप्रीत सिंह एवं हरिओम परमार के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता नेशनल चैंपियनशिप के चयन के लिए भी महत्वपूर्ण है, जो खिलाड़ियों के लिए अपने कौशल को प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करती है। चैंपियन वही बनता है जो निरंतर मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ता है। सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।




## शांता देवी कमल भंडारी स्मृति मिड जुनियर, मिनी जुनियर एवं सब जुनियर आज से

इंदौर जिला बेडमिंटन संगठन सचिव आर.पी. सिंह नय्यर ने बताया कि शांता देवी कमल भंडारी स्मृति मिड जुनियर, मिनी जुनियर एवं सब जुनियर इंदौर जिला बेडमिंटन चेम्पियनशीप आज से सुबह 11 बजे नेहरू स्टेडियम हॉल, इंदौर में खेली जावेगी। उक्त स्पर्धा में रिकार्ड 300 से ऊपर प्रविष्टियाँ आई है। स्पर्धा में बालक एवं बालिका एकल 9 वर्ष 11 वर्ष 13 वर्ष एवं 15 वर्ष के मुकाबले खेले जाएँगे। साथ ही बालक एवं बालिका युगल 13 वर्ष एवं 15 वर्ष के युगल मुकाबले खेले जाएँगे । यह मौसम की पहली स्पर्धा होगी हस स्पर्धा के आधार पर इंदौर जिला मिड जुनियर मिनी सब जूनियर, सब जुनियर टीम का चयन किया जावेगा जो कि आगामी माह में होने वाली म.प्र. राज्य चेम्पियनशीप में भाग लेगी।

# अभी भी अंदर के राक्षसों से लड़ रहा हूँ



कोलकाता- सौरव कोठारी कहते हैं कि पिता को खोने के बाद वह अभी भी 'बहुत सारे अंदरूनी राक्षसों से लड़ रहे हैं,' लेकिन एक अजीब से 'सुन्नपन' ने उन्हें लगातार दो वर्ल्ड टाइटल जीतने के सफर में दबाव से निपटने में भी मदद की। कोठारी ने मंगलवार को आयरलैंड के कार्लो में IBSF वर्ल्ड बिलियर्ड्स चैंपियनशिप (टाइम-फॉर्मेट) जीतने के लिए भारतीय दिग्गज पंकज आडवाणी को 1133-477 से हराया। उन्होंने एक ज़बरदस्त प्रदर्शन किया, जिसमें 485 का एक ब्रेक शामिल था जो एक घंटे और पाँच मिनट तक बिना रुके चला, जिसके बाद 121, 90, 241 और एक अधूरा 155 का स्कोर बनाया।41 साल के कोठारी की यह जीत उनके पिता और गुरु मनोज कोठारी के निधन के चार महीने से भी कम समय बाद मिली है।

एक वर्चुअल बातचीत में कोठारी ने कहा, 'जीत और हार मेरे लिए कोई मायने नहीं रखतीं, क्योंकि मेरी ज़िंदगी में कुछ इतना बड़ा हो गया है कि बाकी सब कुछ बेमानी सा लगता है। ' 'जब आप किसी चीज़ को बहुत ज़्यादा अहमियत नहीं देते, तो उससे दबाव भी नहीं बनता। हमारा खेल इसी बात पर निर्भर करता है कि आप दबाव को कैसे संभालते हैं, और क्योंकि मैं अंदर से काफी सुन्न हो चुका हूँ, इसलिए मुझे लगता है कि मैं दबाव को बेहतर तरीके से संभाल पाया। ' 'मुझसे किसी को कोई उम्मीद नहीं है... मुझे खुद से भी कोई उम्मीद नहीं है, और शायद इसी वजह से मैं यह वर्ल्ड टाइटल जीत पाया।' अपनी इस मिली-जुली भावना को ज़ाहिर करते हुए उन्होंने कहा, 'यह जीत मीठी इसलिए है, क्योंकि वर्ल्ड टाइटल जीतना अपने आप में ही एक बहुत बड़ी उपलब्धि है–उसे दोबारा जीतना तो और भी बड़ी बात है–और यह जीत कड़वी इसलिए है, क्योंकि मैं चाहता था कि मेरे पिता यहाँ होते और मुझे यह उपलब्धि दोबारा हासिल करते हुए देखते। खैर, मुझे अब इस सच्चाई को स्वीकार करके ज़िंदगी में आगे बढ़ना ही होगा।' अपने पिता के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए कोठारी ने कहा कि उनकी कमी आज भी उन्हें बहुत ज़्यादा खलती है। 'मैं आज भी अपने मन के अंदरूनी राक्षसों से लड़ रहा हूँ... मेरे मामले में ज़िंदगी का हर कदम मेरे पिता से जुड़ा हुआ था। मुझे हर जगह उन्हीं का चेहरा दिखाई देता है, और मुझे आज भी ऐसा महसूस होता है कि वह मेरे आस-पास ही कहीं मौजूद हैं... शायद सचमुच मेरे आस-पास ही।'

## मरहम प्यार, धोखे और अंजाम की कहानी



एक्ट्रेस ऐश्वर्या राज भाकुनी अपनी नई वर्टिकल सीरीज़ मरहम के साथ एक नया चैलेंज ले रही हैं, जहां वह एक इमोशनल गहराई वाले किरदार में नजर आएंगी। वह मरहम को 'सच्चे प्यार, धोखे और बदले की कहानी' बताती हैं और कहती हैं कि यह रिश्तों के अंधेरे पहलुओं को गहराई से दिखाती है।ऐश्वर्या बताती हैं, 'मैं श्वेता का किरदार निभा रही हूं, जो शादी के बाद अपने पति सौरभ से भावनात्मक रूप से उपेक्षित महसूस करने लगती है, क्योंकि वह उसे समय नहीं दे पाता। यह खालीपन उसे ऐसे फैसले लेने पर मजबूर करता है, जिनके गंभीर और जिंदगी बदल देने वाले परिणाम होते हैं।' वह कहती हैं कि श्वेता कोई साधारण किरदार नहीं है।

## कावेरी ने विद्या को घर से निकाला



यह रिश्ता क्या कहलाता है में कावेरी विद्या को अरमान की खुशियां बर्बाद करने के लिए जिम्मेदार ठहराती है और कहती है कि अपने रिश्ते तोड़ने के बाद अब उसे इसके परिणाम भुगतने होंगे। गुस्से में आकर कावेरी उसे घर से बाहर निकाल देती है और साफ कह देती है कि वह उसे अभिरा, अरमान और मायरा की ज़िंदगी में दखल नहीं देने देगी।इसी बीच, अरमान पुराने पलों को याद करता है। कावेरी कहती है कि विद्या का इस घर में कोई हक नहीं है, क्योंकि उसने अपना ही परिवार तोड़ दिया है। हालात को नजरअंदाज न कर पाने के कारण अरमान दरवाजा खोलता है और विद्या को अंदर ले आता है। माधव उसके फैसले पर सवाल उठाते हुए पूछता है कि आखिर वह कब तक धोखा खाता रहेगा। दूसरी ओर, काजल अभिरा से माफी मांगने की कोशिश करती है, लेकिन अभिरा उससे बात करने से इंकार कर देती है। काजल फिर विद्या का सामना करती है, जो उससे अरमान को अपनी बेगुनाही बताने की गुहार लगाती है।

## सफलता को बनाए रखना मुश्किल है

Tarun Khanna, Karm Phal Data Shani, Radha Krishna, Jai Kanhaiya Lal Ki, Devi Adi Parashakti, Katha Vishwas Ke Itihaas Ki, Santoshi Maa Param Avtar Shri Krishna जैसे शोज़ का हिस्सा रहे हैं, लगभग 25 सालों से इंडस्ट्री में सक्रिय हैं। उनका मानना है कि सफलता हासिल करना मुश्किल होता है, लेकिन उसे बनाए रखना उससे भी ज्यादा कठिन है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि सफलता को बनाए रखना उसे हासिल करने से कहीं ज्यादा मुश्किल है। आप कुछ समय के लिए सफलता का स्वाद चख सकते हैं, लेकिन उसे लगातार बनाए रखना बहुत कठिन होता है। '



**न्यूज ब्रीफ**

## निगम मुख्यालय में हुआ सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान समारोह

**उज्जैन।** नगर निगम परिवार में अपना सेवाकाल पूर्ण कर चुके कर्मचारियों का नगर निगम द्वारा सेवानिवृत सम्मान समारोह गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय में आयोजित करते हुए सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों का एमआईसी सदस्य श्री शिवेंद्र तिवारी, पार्षद श्री अर्पित दुबे की उपस्थिति में शाल,श्रीफल,भगवत गीता, प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया एवं सेवानिवृत्ति के पश्चात स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर नगर निगम में दीर्घ एवं गौरवशाली सेवाकाल पूर्ण करने के पश्चात सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी श्री शंकरलाल पिता नागुजी सहायक वर्ग- 03 अटैच राजस्व विभाग (अन्वकर), श्री प्रीतिपाल कृष्णपाल खरे चौकीदार मिट मार्केट स्वास्थ्य विभाग, श्री ओमप्रकाश राठौर स्वास्थ्य विभाग अटैच स्थापना, श्री मोहनलाल पिता लक्ष्मी नारायण शर्मा बिल वितरक पीएचई विभाग, श्री नाथू सिंह पिता थावरजी पंप अटेंडर पीएचई विभाग, श्री सत्तार खां पिता बाबू खां पंप अटेंडर पीएचई विभाग, श्री मुकेश पिता कन्हैयालाल हेल्पर पीएचई विभाग, श्रीमती राजकुमारी पति लक्ष्मण सूर्यवंशी स्थाई कर्मी पीएचई विभाग का सम्मान किया गया। इस दौरान कर्मचारी संघ से श्री रमेश रघुवंशी, श्री नितिन मुसले, श्री शैलेश नागर, श्री दिलीप दवे एवं निगम के कर्मचारी उपस्थित रहें।

## खाली भूखंडों की कुर्की करने के साथ ही नीलामी की

**उज्जैन।** देवास रोड स्थित पार्श्वनाथ सिटी पर बकाया सम्पत्तिकर वर्ष 2018-19 से वर्ष 2025-26 तक राशि रुपए 62,54,486 बकाया है, जिसकी वसुली हेतु समय- समय पर बिल, मांग पत्र, एवं शक्ति पत्र जारी करने के उपरांत भी संबंधित द्वारा बकाया सम्पत्तिकर जमा नहीं कराया गया। उक्त क्रम में नगर निगम संपत्ति कर विभाग जोन क्रमांक 06 द्वारा पार्श्वनाथ कालोनी के प्लाट भूखण्ड क्रमांक 45, क्ष88, क्र 136, ष114 की कुर्की करने की कार्यवाही करने के साथ की नीलामी की कार्यवाही प्रचलित की जा रही है, अतः सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखंडों का क्रय-विक्रय बिना नगर निगम की अनुमति के द्वारा नहीं करें, अन्यथा होने वाली कार्यवाही के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## पशु मालिक की बिना नंबर की दो पहिया वाहन जप्त

उज्जैन। निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा के द्वारा प्रतिदिन वार्डो का निरीक्षण किया जाता है इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 45 में निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों की शिकायत पर पशु गैंग गाड़ी के पीछे दोपहिया वाहनों से पशु मालिक जो की गायों को पकड़ने मे बाधा डालते हैं निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा पशु गैंग को निर्देशित किया गया कि पशु मालिकों पर कार्यवाही करे कार्यवाही के दौरान पशु मालिक की बिना नंबर की दोपहिया वाहन को जब्त किया गया कार्यवाही के दौरान पशु मालिक उक्त दोपहिया वाहन को छोड़कर भाग गया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जाना क्या है विक्रमादित्य वैदिक घड़ी, क्यों इस इतना जोर देते हैं सीएम डॉ. मोहन यादव

# काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में स्थापित है विक्रमादित्य वैदिक घड़ी

*वैदिक कालगणना पर आधारित है यह अनोखी घड़ी*

**उज्जैन।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सपना विक्रमादित्य वैदिक घड़ी पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींच रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आम जनता तक इस वैदिक घड़ी के आकर्षण से बंध चुके हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 29 अप्रैल को उत्तर प्रदेश प्रवास के दौरान काशी विश्वनाथ परिसर में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का अवलोकन किया। मध्यप्रदेश के महाकाल की नगरी उज्जैन से शुरू हुआ विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का सफर देश के अन्य तीर्थ स्थलों से भी गुजर रहा है। इस वैदिक घड़ी की खासियत है कि यह समय तो बताती ही है, साथ ही




सूर्योदय, मुहूर्त, ग्रहों की स्थिति और पंचांग की जानकारी भी देती है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घड़ी को देखते ही इसकी पूर्ण जानकारी ली। इसको न केवल पास से देखा, बल्कि इसकी कार्यप्रणाली भी समझी। इस घड़ी को कुछ महीने पहले ही काशी विश्वनाथ मंदिर के परिसर में स्थापित किया गया है। यह वैदिक घड़ी इसी महीने की 3 तारीख को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेंट की थी। ठीक अगल दिन इसे काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में स्थापित कर दिया गया था।

**सूर्योदय से सूर्योदय के समय पर आधारित**

बता दें, काशी विश्वनाथ से पहले यह वैदिक घड़ी उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर में स्थापित हो चुकी है। भारत की प्राचीन वैदिक कालगणना इस विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का आधार है। इसे उज्जैन के महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के विद्वानों ने तैयार किया है। इसका समय बताने की तरीका पूरी तरह अलग है। यह घंटे-मिनट पर नहीं, बल्कि सूर्योदय से अगले सूर्योदय तक के समय पर आधारित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2024 में उज्जैन में लोकार्पित किया था।

**सीएम डॉ. यादव का इस बात पर जोर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन को प्राइम मेरिडियन के रूप में स्थापित करने के लिए शोध और काम करने पर जोर दे रहे हैं। उनका मानना है कि ग्रीनविच मीन टाइम यानी जीएमटी पश्चिमी संस्कृति द्वारा थोपा गया है। जीएमटी सूर्यास्त-सूर्योदय के बजाय आधी रात को दिन की शुरुआत मानता है। यह गणना गलत है। बता दें, उज्जैन में कर्क रेखा पर स्थित होने के कारण इसे वैज्ञानिक और खगोलीय रूप से सटीक माना जाता है।

## जोन 3 अंतर्गत अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई



**उज्जैन।**

जोन क्रमांक 03 के अंतर्गत झालरिया मठ से रामघाट चौड़ीकरण कार्य के बाधित अवैध अतिक्रमण को जिला प्रशासन,नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए उक्त अतिक्रमण को हटाया गया ,कार्यवाही के दौरान स्मार्ट सिटी सीईओ श्री संदीप शिवा, तहसीलदार शेफाली जैन, भवन अधिकारी राजकुमार राठौर, स्मार्ट सिटी के अधिकारी एवं नगर निगम रिमूवल गैंग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निगम आयुक्त द्वारा सड़क चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया





**उज्जैन।**

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा कोयला फाटक से कंठाल कंठाल से सती गेट एवं हरसिध्दि पाल से रामघाट मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा जन सहयोग से किए जा रहे चौड़ीकरण कार्यों के प्रति नागरिकों की सराहना की गई। कहारवाड़ी से रामघाट मार्ग पर नागरिकों से संवाद करते चौड़ीकरण कार्य को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त संतोष टैगोर, पवन सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, सहायक आयुक्त घनश्याम मचार, पवन कुमार, भवन अधिकारी राजकुमार राठौर, कार्यपालन यंत्री निर्झर शुक्ला, उपयंत्री सौम्या चतुर्वेदी उपस्थित रहे

### कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में कार्य कर रहे संस्थाओं का कार्यक्रम आयोजित किया

## मुकेश टटवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए स्वच्छता से संबंधित अनुभव साझा किए

**उज्जैन।**

अंतरराष्ट्रीय मातृ पृथ्वी दिवस के अवसर पर कचरा प्रबंधन वेस्ट मैनेजमेंट के क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यक्ति समूह संस्थाओं का संभाग स्तरीय आयोजन बुधवार को कालिदास अकादमी परिसर में आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा कुलगुरु सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय डॉ अर्पण भारद्वाज, अखिल भारतीय सहसंयोजक पर्यावरण संरक्षण गतिविधि श्री राकेश जैन की उपस्थिति में भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया



कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राकेश जैन अखिल भारतीय सहसंयोजक पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, कुलगुरु सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय डॉ अर्पण भारद्वाज, उपायुक्त नगर निगम श्री योगेंद्र सिंह पटेल द्वारा कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य के बारे में अपने अनुभव साझा किए गए कार्यक्रम से पहले वेस्ट टू आर्ट की प्रदर्शनी नगर निगम द्वारा लगाई गई जिसका निरीक्षक उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया एवं जिन के द्वारा वेस्ट टू आर्ट से कलाकृतियां बनाई गई उनके बारे में जानकारी दी गई साथ ही कचरा प्रबंधन पर अनुभव साझा करने के लिए जिन्हें कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था उनके द्वारा कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों एवं अनुभव भी साझा किए गए जिसमें गोबर से कलाकृतियां बनाई जाने के विषय, पुराने कपड़े से झोले, पुरानी प्लास्टिक बोतल से सुंदर गमले, पुराने कपड़े से फाइल कवर, फूलों से अगरबत्ती एवं धूपबत्ती, गोबर से बनाई गई माला इत्यादि सामग्रियों जानकारी दी गई।

### शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की शेष बची 52 दुकानों के लिए विज्ञप्ति जारी करें

## अलखधाम स्थित मंशापूर्ण शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के शेष कार्य 31 मई तक पूर्ण करें - टटवाल

**उज्जैन।**

अलखधाम स्थित निर्माणधीन मंशापूर्ण शॉपिंग कॉम्प्लेक्स जिसमें 118 दुकानों के साथ 30 ऑफिस है जिसकी लागत राशि रुपए लगभग 10 करोड़ है जिसका निर्माण नगर निगम द्वारा किया जा रहा है, बुधवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा संबंधित कंसलटेंट एजेंसी एवं निगम अधिकारियों के साथ उक्त कार्य का निरीक्षण किया गया एवं निगम अधिकारियों को निर्देश दिए गए की 31 मई तक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के शेष कार्य को पूर्ण करें। महापौर द्वारा निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देशित किया कि



कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है जो भी शेष कार्य रिक्त हैं जिसमें फिनिशिंग, फ्रंट वर्क, लिफ्ट लगाने के कार्य इत्यादि ऐसे छोटे-छोटे कार्यों को 31 मई तक पूर्ण किया जाए साथ ही शॉपिंग कंपलेक्स की जो 52 दुकाने एवं ऑफिस रिक्त हैं उनके लिए भी विज्ञप्ति जारी की जाए, साथ ही कॉम्प्लेक्स की ड्राइंग डिजाइन, सूचना पटल, फ्लेक्स के माध्यम से नागरिकों को जानकारी प्रदान करें निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री निर्झर शुक्ला एवं संबंधित कार्य के ठेकेदार कंसलटेंट उपस्थित रहें।

## स्वच्छता में शक्ति उज्जैन की भक्ति विशेष सफाई अभियान अंतर्गत महापौर मुकेश टटवाल द्वारा किया जाएगा श्रमदान

**उज्जैन।** स्वच्छता में शक्ति, उज्जैन की भक्ति विशेष सफाई अभियान एवं नागरिकों से संवाद अभियान अंतर्गत आज शुक्रवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा वार्ड पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रातः 07.00 बजे से 09.00 बजे तक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा जिसमे स्वास्थ्य विभाग, प्रकाश व्यवस्था, पीएचई विभाग, उद्यान विभाग, आईईसी टीम रहेंगी एवं सफाई अभियान के तहत, सफाई कार्य के साथ साथ, उद्यान सफाई, पानी के लीकेज का संधारण एवं गंदे पानी की शिकायत निवारण आदि कार्यवाही की जाएगी। अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को 6 वार्डों में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जाएगा जिसमें वार्ड क्रमांक 05 पुरुषोत्तम सागर पर सफाई एवं श्रमदान, वार्ड 12 कालिदास उद्यान पर 3आर जागरूकता, वार्ड क्रमांक 25 बहादुरगंज चौराहा स्वच्छता संवाद एवं श्रमदान, वार्ड क्रमांक 44 फ्रीगंज क्षेत्र के व्यावसायिक क्षेत्र में प्लास्टिक मुक्त अभियान हेतु जन जागरूकता अभियान, वार्ड क्रमांक 17 ढांचा भवन क्षेत्र में जन जागरूकता रैली, वार्ड क्रमांक 35 हनुमान नाका से हरी फाटक तक श्रमदान एवं नाले नालियों की सफाई का कार्य किया जाएगा।

## डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन वार्डों में समय से पहुंचे -मिश्रा

**उज्जैन।**

नगर निगम द्वारा संचालित कचरा कलेक्शन वाहन अंतर्गत समस्त 54 वार्डों में 96 डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाहनों द्वारा घरों से निकलने वाला गीला एवं सूखा कचरा संग्रहण किया जाता है निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा को नित्य निरीक्षण के दौरान कचरा कलेक्शन वाहनो के वार्डो में नहीं पहुंचने की शिकायत प्राप्त होने पर निगम आयुक्त द्वारा बुधवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में आईसीसीसी (इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर) का सुबह 6 बजे निरीक्षण किया गया निगम आयुक्त द्वारा वीटीएस ट्रैकिंग सिस्टम सॉफ्टवेयर से सभी 54 वार्डों में जीपीएस लाइव ट्रैकिंग के जरिए विस्तृत जानकारी लेकर वार्ड में डोर टू डोर कचरा वाहन कलेक्शन के ड्राइवर एवं दरोगा एवं सुपर वाइजर से लाइव वायर लैस के माध्यम से बातचीत कर कचरा कलेक्शन वाहन को समय से वार्डों में पहुंचने के निर्देश प्रदान करते हुए निर्धारित रूट से कलेक्शन वाहन वार्ड में पहुंचे निगम आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि आईसीसीसी के सुपर वाइजर लाइव ट्रैकिंग जीपीएस के माध्यम से कचरा कलेक्शन वाहन एवं दरोगा को मॉनिटरिंग करें सॉफ्टवेयर में यदि कोई कचरा कलेक्शन



वाहन अलर्ट मोड पर बताए तो सुपर वाइजर त्वरित निराकरण करें स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी कचरा कलेक्शन वाहन में महिला हेल्पर, एनजीओ द्वारा कचरा कलेक्शन वाहनों में सहभागिता कर नागरिकों को अलग अलग कचरा संग्रहण के प्रेरित करें, इस दौरान अपर आयुक्त संतोष टैगोर, संदीप शिवा,उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, सहायक आयुक्त प्रफुल्ल गठरे, राघवेंद्र सिंह पालिया, वर्कशॉप प्रभारी कृष्णा भूरिया एवं आईसीसीसी के सदस्य उपस्थित रहे।

## सीमेंट कांक्रीट कार्य का भूमिपूजन

**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 40 की क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती जानी बाई सतीश राठौर के प्रयासों से क्षेत्र में नगर निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 13 लाख की लागत से बनने वाली सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन गुरुवार को निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा महामंत्री श्री आनंद सिंह खींची, मंडल अध्यक्ष श्री हरीश सोलंकी, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती जानी बाई राठौर की उपस्थिति में संपन्न किया गया। *निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के नागरिकों को संबोधित कर किया।

## समस्त सब्जी विक्रेता, दूध विक्रेता अमानक स्तर की प्रतिबंधित पॉलीथिन एवं डिस्पोजल का उपयोग नहीं करें - निगम आयुक्त

**उज्जैन।**

स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत नागरिकों से फीडबैक के साथ साथ घरों से निकलने वाला गीला एवं सूखा कचरा कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से लिया जा रहा है साथ ही नगर निगम द्वारा अमानक स्तर की प्रतिबंधित पॉलिथीन, डिस्पोजल आदि के विरुद्ध कार्यवाही की जारी है नागरिकों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता से संबंधित गतिविधि कि जा रही हैं

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा समस्त सब्जी विक्रेता, फल विक्रेता, दूध विक्रेता, टी स्टाल आदि से अमानक स्तर की प्रतिबंधित पॉलिथीन, डिस्पोजल का उपयोग नहीं करने की अपील की गई है स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नागरिकों से स्वच्छता में सकारात्मक फीडबैक के जरिए उज्जैन को नंबर वन लाने के लिए आग्रह कर प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने एवं घरेलू कपड़े की थैली का उपयोग करने का निवेदन किया गया।



### नगर निगम द्वारा कल को भूखी माता घाट पर सफाई अभियान एवं श्रमदान का आयोजन किया जाएगा



**उज्जैन।**

आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारियों एवं स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025 एवं जल गंगा संवर्धन अभियान, पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत क्षिप्रा नदी के प्रमुख घाटों पर समुचित सफाई व्यवस्था एवं स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता अभियान के तहत दिनांक 2 में शनिवार को नगर निगम उज्जैन द्वारा भूखी माता घाट पर सफाई अभियान एवं श्रमदान किया जाएगा जिसमें जनप्रतिनिधि गण, शहरवासी, सामाजिक सेवा संगठन उक्त अभियान के अंतर्गत अपनी भागीदारी करेंगे, अभियान अंतर्गत अपर आयुक्त श्री पवन कुमार सिंह को नोडल अधिकारी एवं उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जो संपूर्ण गतिविधियों पर नियंत्रण रखने का कार्य करेंगे

# बस्तियों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए - महापौर

**उज्जैन।**

स्वच्छता में शक्ति, उज्जैन की भक्ति विशेष सफाई अभियान एवं नागरिकों से संवाद अभियान अंतर्गत बुधवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा वार्ड पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रातः 07 बजे से 09 बजे तक स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमे स्वास्थ्य विभाग, प्रकाश व्यवस्था, पीएचई विभाग, उद्यान विभाग, आईईसी टीम उपस्थित रही एवं सफाई अभियान के तहत, सफाई कार्य के साथ साथ, उद्यान सफाई, पानी के लीकेज का संधारण एवं गंदे पानी की शिकायत निवारण आदि कार्यवाही की गई

अभियान के अंतर्गत बुधवार को 6 वार्डों में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें वार्ड क्रमांक 02 गढ़कालिका अंतर्गत पॉलीथिन प्रतिबंध जागरूकता अभियान, वार्ड क्रमांक 7 पटेल नगर पॉलीथिन प्रतिबंध जागरूकता अभियान, वार्ड क्रमांक 24 क्षीरसागर कुंड एवं बैकलेन में सफाई कार्य, स्वच्छता संवाद का आयोजन, वार्ड क्रमांक 42 अलकापुरी क्षेत्र में होम कंपोस्टिंग प्रशिक्षण, वार्ड 40 पंवासा मल्टी में नागरिकों के साथ स्वच्छता संवाद, वार्ड 34 गऊघाट क्षेत्र में श्रमदान गतिविधि का आयोजन किया गया जिसके क्रम में महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा वार्ड क्रमांक 24 क्षीरसागर कुंड एवं वार्ड क्रमांक 34 गऊघाट पर उपस्थित रहकर उक्त अभियान में सहभागिता करते हुए श्रमदान किया गया साथ ही क्षीरसागर कुंड पर श्रमदान के पश्चात निगम द्वारा की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण महापौर द्वारा किया गया अधिकमास के समय कुंड पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं का आगमन रहेगा इसलिए विशेष रूप से सफाई का कार्य किया जाए एवं निर्माल्य कुंड की व्यवस्था रखें ताकि श्रद्धालुओं द्वारा पूजन सामग्री को कुंड में विसर्जन ना करते हुए निगम द्वारा लगाए गए निर्माल्य कुंड में ही विसर्जित की जाए इसके लिए आईईसी टीम द्वारा जन जागरूकता गतिविधियों की जाए

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य सत्यनारायण चौहान, एमआईसी सदस्य कैलाश प्रजापत, जितेंद्र कुवाल, पार्षद प्रतिनिधि विजय चौधरी, उपायुक्त संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त रविकांत मगरदे, प्रवीण मुकाती, पवन कुमार फुलफकीर, झोनल अधिकारी जितेंद्र श्रीवास्तव, मनोज राजवानी, स्वास्थ्य अधिकारी हरीश व्यास आनंद विजय सिंह राठौर एवं आईईसी टीम के सदस्य उपस्थित रहें

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com